

दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 | अंक-17 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ:4 , | मुल्य = 4 रूपया | शनिवार , 07 जनवरी 2023

## संक्षिप्त समाचार

### मधेपुर स्थानीय प्रखंड सह अंचल सभागार में शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में पन्द्रहवीं वित्त आयोग

**दैनिक शुभ भास्कर मधेपुरा /मधुबनी**

संचालित योजनाओं को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनबोडिंग करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के अधिकांश कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव एवं एक दर्जन से अधिक मुखिया ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर प्रखंड कार्यपालक सहायक सुमन कुमार एवं पंचायत कार्यपालक सहायक सरोज कुमार द्वारा ई- स्वराज पोर्टल पर ऑनबोडिंग के तौर-तरीके की जानकारी दी गई। बताते चलें कि उपरोक्त कार्य को पूर्व में प्रखंड लेखापाल द्वारा संपादित किया जा रहा है जबकि इस कार्य को संपादित करने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा सभी पंचायतों में कार्यपालक सहायक को नियुक्त किया गया है। बताते चलें कि पंचायत कार्यपालक सहायक सिर्फ ऑनबोडिंग करने हेतु जिम्मेदार है। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित मुखिया या पंचायत सचिव की होगी। इस कार्यक्रम में मुखिया गणेश कुमार यादव, संतोष झा, देव नारायण साहू, बिन्देश्वर मुखिया, कार्यपालक सहायक श्याम बिहारी झा, राजवीर कुमार, नीरज कुमार, कौशल किशोर चौधरी, सोनू कुमार, मनीष कुमार सहित कई पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

### बिहार में गिरती विधि व्यवस्था को लेकर केन्द्रीय मंत्री पशुपति पारस, सांसद प्रिंस राज ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र

हाजीपुर( वैशाली )बिहार के सारण जिला में जहरीली शराब नरसंहार कांड एवं राज्य में गिरती विधि व्यवस्था को लेकर हाजीपुर के सांसद सह राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस तथा प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर छह सूत्री मांगों का मांग पत्र सौंपा।वर्तमान बिहार सरकार के दलित विरोधी नीतियों,खराब विधि व्यवस्था,अरवल,बेगूसराय में पासवान महिलाओं का उत्पीड़न और छपरा जहरीली शराबकांड में हुए नरसंहार से अवगत कराया एवं महामहिम से आग्रह किया की स्वतःसंज्ञान ले तथा आवश्यकता पड़ने पर बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार करें। आगे श्री पारस ने कहा कि बिहार में विधि व्यवस्था को लेकर बिहार के राज्यपाल महोदय माननीय फागू चैहान तथा गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी से मुलाकात कर सभी घटनाओं से अवगत करवाया।जिसमें मुख्य रूप से शराबबंदी कानून के पश्चात राज्य में शराब का अवैध कारोबार की न्यायिक जांच करायी जाए,राज्य सरकार कानून को पूर्ण रूप से लागू करें यदि पूर्ण रूप से लागू करने में अक्षम है तो पूर्ववत स्थिति में रखा जाए यानि शराबबंदी कानून को वापस लिया जाये,शराबबंदी कानून के बाद जहरीली शराब से हुई मृत परिवारों को दस-दस लाख रुपए की मुआवजा राशि एवं आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाये।ताड़ी को कृषि उत्पाद का दर्जा देते हुए ताड़ी उत्पादन व्यवसाय शराबबंदी कानून से मुक्त किया जायेबिहार में विगत कुछ दिनों से लगातार दलित उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही है,जिसपर सरकार संज्ञान लें,बिहार में पशुपालन घोटाला से बड़ा बालू घोटाला है जिसका उल्लेख नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक( सीएजी) 2020-21 के रिपोर्ट में 486 करोड़ का घोटाला का उजागर किया है इसकी सी.बी.आई जाँच करायी जाये।इन सारी बातों को माननीय राष्ट्रपति महोदया को अवगत कराया गया जिस पर महामहिम ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

### एसएसपी आनंद के दस्तक मात्र से ही जिले की विधि व्यवस्था हुई आनंदमय : पप्पू

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुर :** अंग प्रदेश के हृदय स्थल सह साहित्यिक-सांस्कृतिक व आध्यात्मिक त्रिवेणी की धरा पर जिला पुलिस के नए कप्तान के रुप में नए एसएसपी आनंद कुमार से नाथनगर सार्वजनिक पूजा समिति के सदस्यों ने भेंट कर अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया और इससे पूर्व स्थानों में रहे उनके क्रियाक्लापों की सराहना की और कहा कि जिस दिन से उनके कदम अंग प्रदेश की इस धरती पर पड़े हैं,चहूं और कानून व विधि-व्यवस्था का राज पुनः कायम होता दिख रहा है.अपराध-व अपराधियों के साथ सांप्रदायिक ताकतों में भी भय का माहौल कायम हो चुका है.उन्हें इस बात का एहसास हो चुका है कि उसने जरा सी भी उटपटांग हरकतें की तो उनकी खैर नहीं होगी. इस मौके पर मौजूद नाथनगर सार्वजनिक पूजा समिति के अध्यक्ष सह विकास पुरुष के नाम से चर्चित पप्पू यादव ने एसएसपी आनंद कुमार को सही मायने में कानून राज का सिंघम बताया और कहा कि यथा नाम तथा गुण चरितार्थ होते हुए एसएसपी सर के नाम के अनुसार विधि व्यवस्था के क्षेत्र में आनंद का माहौल दिख रहा है.उन्होंने कहा कि यह भागलपुर का सौभाग्य है कि आनंद कुमार ऐसे कर्मठ और कर्तव्यशील पुलिस कप्तान के रूप में उन्हें प्राप्त हुए हैं.उन्होंने पुलिस पब्लिक समन्वय को कायम रख विधि व्यवस्था बनाए रखने में नाथनगर पूजा समिति और शांति समिति की ओर से हर संभव सहयोग करने का उन्हें वचन दिया



और कहा कि भागलपुर के शांति प्रहरी 24 घंटे पुलिस पब्लिक समन्वय को कायम रख जिले में शांति स्थापित करने के लिए तत्पर रहते हैं.इस मौके पर मौजूद देवाशीष बनर्जी व भवेश यादव ने कहा कि जिस तरह आज एसएसपी आनंद कुमार के दस्तक मात्र से भागलपुर जिला चैन व शुकूं की अंगराई ले रहा है,उसी तरह अपराध व अपराधियों की नींद उड़ी हुई है.उन्होंने एसएसपी आनंद कुमार पर उम्मीद व भरोसा जताते हुए कहा कि निश्चित रुप से इनके कार्यकाल में कानून व विधि व्यवस्था को लेकर भागलपुर एक नया इतिहास रचेगा.अशोक राय ने बताया कि अपने दस्तक मात्र से एसएसपी आनंद कुमार की हनक व खनक ने उन्हें जनता के दिलों जगह दे दी है.वहीं भवेश यादव ने एसएसपी आनंद कुमार को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम शांति प्रहरियों की जरूरत उन्हें जब भी महसूस हो वे रात के 12:00 बजे भी बेहिचक आदेश करें हमलोग उनकी सेवा में समर्पित रहेंगे. इस मौके पर एसएसपी आनंद कुमार इन सदस्यों से शहर की समस्याओं से अवगत हुए.इस मौके पर सरस्वती पूजा की भी चर्चा हुई.

# उद्घाटन मैच में हिसार की टीम ने अकौर को 74 रन से हराया

मधुबनीः-बेनीपट्टी प्रखंड के पलटू लोरिक हाई स्कूल के मैदान पर केटीसीसी टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन डॉ विजय कुमार व अन्य अतिथियों ने किया. मुख्य अतिथि विजय कुमार ने आयोजन समिति को इस तरह के टूनार्मेंट आयोजन के लिए कहा कि युवाओं में खेल प्रतिभा को के लिए इस तरह की प्रतियोगिता आवश्यक है। खेल का प्रारंभ प्रमंडल अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ के विजय कुमार के द्वारा बल्लेबाजी व पैक्स अध्यक्ष विवेक राय द्वारा गेंदबाजी कर किया गया बताते चलें कि खनुआटोल क्रिकेट क्लब टी-20 क्रिकेट टूनामेंट में पंचायत स्थरीय कुल 8 टीमें भाग ले रही है.



टूनार्मेंट का प्रथम व उद्घाटन मैच हिसार पंचायत और अकौर पंचायत के बीच खेला गया हिसार पंचायत के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए हिसार ने 269 रन बनाया. जिसके जवाब में अकौर की पूरी टीम 195 रन ही जुटा पाए इस तरह अकौर 74 रन से पराजित हो गयी मौके पर पूर्व मुखिया त्योंथ पंचायत प्रीतम यादव , वर्तमान सरपंच श्री वशिष्ठ नारायण ,केवाईशी संचालक पंकज झा , पलटू लोरिक उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक मिलन शर्मा , राजकीय मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक गंगा नारायण कंठ ,छात्र युवा संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष प्रभात रंजन ,हरलाखी उप प्रमुख अंशु कुमार , समाजसेवी लक्ष्मण पंडित ,जिला उपाध्यक्ष अजित यादव , चैयरमेन सिग्मा कोचिंग सेंटर सह सिग्मा किड्स प्ले स्कूल के संचालक जगन्नाथ महतो मौजूद थे. आयोजन समिति के टूनार्मेंट संस्थापक सह सिग्मा कोचिंग के डाइरेक्टर रौशन कुमार महतो, अम्पायर धमेन्द्र कुमार ,मदन मेहता,रवि कुमार, सोनू कुमार ,सुजीत कुमार,रामअधीन मेहता,आकाश , उमेश, श्याम,चन्दन कॉमेंटेटर सुनील कुमार,सुजीत कुमार, मीडिया प्रभारी दीपक अकेला बिंदास व हजारों दर्शकों लोग मौजूद थे

## जनमानस कार्यक्रम संचालक ब्रजेश को सोशल वर्कर अवार्ड से किया गया सम्मानित

**दीपक कुमार संवाददाता**

बेनीपट्टी प्रखंड के बेटा ब्रजेश को सोशल वर्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह अवार्ड रहा समाजिक कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए बुधवार को मधुबनी के मिथिला वाटिका हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मधुबनी श्री सुशील कुमार और मधुबनी के पद्मश्री दुलारी हैं। देवी के हाथों प्रदान किया गया. दरअसल बेनीपट्टी प्रखंड के बेनीपट्टी में सामाजिक कार्य एवं सेवा के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना योगदान करते आ रहें हैं. समाजसेवी ब्रजेश कुमार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान चलाने, बाल विवाह, दहेज प्रथा पर रोक लगाने, असहाय बच्चियों एंव महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु निशुल्क सिलाई कटाई - का प्रशिक्षण देने, करोना काल में जरुरतमंदों लोगों के बीच खुद रासन मास्क व अन्य समाग्री पहुचाने समेत आमजनों को जागरूक करता रहा हैं. वहीं जैसे सामाजिक जागरुकता फैलाने का काम व रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करते आ रहें हैं. कई साल से जरूरतमंद, निसहाय लोगों को वक्त पर खून उपलब्ध करवाकर जान बचाने का मानवीय सेवा कार्य कर रहे हैं. साथ ही ग्रामीण परिवेश में आज भी रक्तदान को लेकर कई तरह का लोगों को मन में अवधारणाएं को समाप्त करने के लिए समय-समय पर रक्तदान दे कर प्रति अलख जगाने का काम कर रहे हैं वहीं जनमानस कार्यक्रम संचालक ब्रजेश को सम्मानित होने पर इस कार्यक्रम में सुभाष झा, ब्रह्मानंद झा, अशोक झा, लक्ष्मण पण्डित

# नीतीश की 'यात्रा' से मांझी और शिवानंद को क्यों लग रही मिची

## पहले से भाजपा भी तरेर रही है आंखें...

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुर/पटनाः** नीतीश कुमार आजकल समाधान यात्रा पर है।महागठबंधन के घटक दल हम के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने जीतनराम मांझी ने नीतीश की यात्रा की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे असलियत का पता नहीं चल पाएगा। नीतीश कुमार अगर सच्चाई जानना चाहते हैं तो उन्हें ग्राउंड जीरो पर भेष बदल कर जाना चाहिए। जो अधिकारी नीतीश के साथ जा रहे हैं,वे खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वे असलियत सामने आने ही नहीं देंगे। आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने भी ठंड को देखते हुए यात्रा स्थगित करने की सलाह नीतीश को दे डाली है। अब तक डेढ़ दर्जन बार यात्रा कर चुके हैं नीतीशः नीतीश कुमार की बिहार में यात्रा की शुरूआत 2005 में हुई थी, जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने से वे चूक गए थे। उसके बाद वो न्याय यात्रा पर निकले थे। आखिरकार उन्हें इस यात्रा का लाभ मिला और अक्टूबर 2005 में वो भाजपा के सहयोग से बिहार के सीएम बन गए। उसके बाद शायद उन्हें यात्रा की अहमियत समझ में आई और तब से अब तक वो कम से कम डेढ़ दर्जन बार यात्रा पर निकलते रहे हैं। उनकी पहली यात्रा 12 जुलाई, 2005 को शुरू हुई थी, जिसे न्याय यात्रा नाम दिया था। उनकी दूसरी यात्रा 9 जनवरी 2009 को लोकसभा चुनाव से शुरू हुई थी। इसे विकास यात्रा का नाम दिया गया था। उसी साल हुए लोकसभा के चुनाव में



बिहार में एनडीए की सीटें बढ़ीं। विकास यात्रा की कामयाबी के बाद नीतीश कुमार ने 17 जून 2009 से धन्यवाद यात्रा शुरू की। 2010 के बिहार असेंबली इलेक्शन से पहले नीतीश ने प्रवास यात्रा की थी। 25 दिसंबर 2009 से प्रवास यात्रा की शुरूआत हुई थी। काम के आधार पर वोट मांगने के लिए नीतीश कुमार 28 अप्रैल 2010 से विश्वास यात्रा पर निकले थे। उन्हें इस यात्रा का भी लाभ मिला और असेंबली इलेक्शन में उनकी सीटें 115 तक पहुंच गई। ये उनकी पार्टी जेडीयू के लिए उत्कर्ष का समय था। उसके बाद के चुनावों में जेडीयू की सीटें घटती रहीं और इस बार 43 पर आकर सिमट गई। इसी तरह उनकी यात्राओं का सिलसिला समय-समय पर चलता रहा। 2011 के अंत में सेवा यात्रा, 19 सितंबर 2012 से विशेष राज्य की दर्जा की मांग को लेकर अधिकार यात्रा,मार्च 2014 को संकल्प यात्रा,13 नवंबर 2014 से संपर्क यात्रा पर नीतीश कुमार निकले थे। अपने महत्कांक्षी कार्यक्रम 7 निश्चय फीडबैक लेने के लिए नीतीश ने निश्चय यात्रा निकाली थी। राजद से अलग होने के बाद नीतीश ने समीक्षा यात्रा की शुरू की। 3 दिसंबर 2019 से नीतीश कुमार जल-जीवन-हरियाली यात्रा पर भी निकले थे। शराब और दहेज रोकने के लिए कानून बनाने के बाद 22 दिसंबर 2021 को नीतीश समाज सुधार यात्रा पर निकले थे। अब नीतीश कुमार बुधवार से समाधान यात्रा पर निकले हैं। शिवानंद तिवारी ने यात्रा स्थगित करने की मांग कीः नीतीश कुमार की समाधान यात्रा को लेकर राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि बहुत ठंड है। स्कूल वगैरह बंद कर दिए गए हैं। अस्पतालों में ठंड जनित बीमारियों से पीड़ित लोगों की तादाद बढ़ गई है। ऐसे मौसम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा की शुरूआत चंपारण से हुई है। जहां राजधानी के इलाके से ज्यादा ठंड होती है। शिवानंद ने कहा कि यात्रा तो कहने के लिए तो मुख्यमंत्री की है, लेकिन यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ सैकड़ों लोग जुड़े होंगे। उनमें कुछ ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनकी बीमारी ठंड में बढ़ जाती है। ऐसे लोगों का ठंड में निकलना बहुत जोखिम का काम है।एक वरीय सहयोगी के नाते सार्वजनिक हित में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से व्यक्तिगत रूप से इस यात्रा को स्थगित करने का मैं अनुरोध करता हूं। असलियत जानना है तो भेष बदल कर जाएं - मांझीः बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और महागठबंधन के घटक दल हम के नेता जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार को सलाह दी है कि ग्राउंड जीरो की असलियत जानना चाहते हैं तो भेष बदल कर जाएं। अफसरों का अमला असलियत जानने नहीं देगा। जो अधिकारी सीएम के साथ यात्रा पर गए हैं, वे खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वे सच कैसे सामने आने देंगे ? मांझी ने कहा कि नीतीश को यात्रा के लिए मेरी शुभकामना है कि इस कड़कड़ाती ठंड में भी वो यात्रा पर निकले हैं, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं होगा। सीएम को चुपचाप जाना होगा, जनता से संवाद करना होगा।

**समाधान यात्रा के बाद देश का दौरा करेंगे नीतीश**

नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा की समाप्ति के बाद देश का दौरा करने की बात कही है। सीएम नीतीश ने कहा है कि जल्द ही वे विपक्षी दलों को बीजेपी के खिलाफ एकजुट करने के लिए देश के दौरे पर निकलेंगे। सीएम नीतीश ने कहा कि समाधान यात्रा खत्म होने के बाद बिहार विधानमंडल का सत्र है। उसके बाद वे देश की यात्रा पर निकलने के बारे में सोचेंगे। नीतीश के देश दौरा वाले बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि नीतीश कुमार चाहे पूरा देश घूम लें, उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। नीतीश कुमार के देश में घूमने के लिए ही बिहार सरकार 350 करोड़ का जेट विमान और हेलीकॉप्टर खरीद रही है। नीतीश कुमार जो यात्रा कर रहे हैं,उसमें कोई सार्वजनिक सभा नहीं है। उन्हें डर है कि कोई काला झंडा न दिखा दे। नीतीश की यात्रा महज समीक्षा यात्रा है। वे अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने डर से इस बार कोई सार्वजनिक सभा नहीं रखी है।

### जिला परिषद् इमरान आलम ने पी.सी.सी सड़क का किया शिलान्यास

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज बहादुरगंज प्रखंड अंतर्गत निशंद्रा पंचायत के टंगटंगी गांव में जिला परिषद् के फंड द्वारा पी.सी.सी सड़क का जिला परिषद इमरान आलम ने किया शिलान्यास । बता दें कि कि निशंद्रा पंचायत के टंगटंगी गांव में लगभग सात लाख की राशि से 15वें वित्त आयोग अनटाइड शीर्ष, जिला परिषद अंश द्वारा, प्रधानमंत्री सड़क से टंगटंगी गांव जाने वाली सड़क में लगभग 500 फिट लम्बी कंक्रीट सड़क का निर्माण किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद इमरान आलम एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि नासीर हुसैन, समिति मुनाजिर अंसारी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि दिलशाद व असद गनी, लजमुद्दीन तथा दर्जनों ग्रामीणों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया गया। वहीं सड़क निर्माण से गांव के लोगों में खुशी है। स्थानीय ग्रामीणों ने अपने



जनप्रतिनिधि का शुक्रिया अदा किया साथ ही कहा कि हम गांव वासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर लजमोद्दीन साहेब, हसीम आलम, मशाहीद आलम, शकील अख्तर, मुजफ्फर आलम, मखमूर रेजा, रिजवान आलम, शबाब आलम, नवाब आरजू, मास्टर लालचंद मांझी, दिलशाद आलम, हनीफ, नवेद, शाहिद आलम इत्यादि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### उत्पाद विभाग ने जोकपहाड़ी में की छापेमारी शराब बरामद कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्करअब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट कुंडहित जामताड़ा**

शुक्रवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग द्वारा प्रखंड के बागडेहरी थाना अंतर्गत जोकपहाड़ी गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ-साथ डेढ़ सौ किलो जावा जप्त किए जाने की खबर है। वही मौके से कारोबारी दीनबंधु मंडल को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह जोकपहाड़ी गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान दीनबंधु मंडल के घर में 20 लीटर तैयार किया गया देशी शराब मौजूद पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। वहीं मौके से डेढ़ सौ किलो जावा जप्त किया गया है। साथ ही कारोबारी दीनबंधु को गिरफ्तार किया गया है। जिसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। उन्होंने



बताया कि विभाग द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से छापेमारी की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं भी शराब का अवैध धंधा चल रहा हो तो उसकी सूचना विभाग को दें। बहरहाल उत्पाद विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। फोटो : जप्त शराब के साथ मौके पर उपस्थित अधिकारीगण।

### भागलपुर में सुबह और रात में बढ़ी ठिठुरन: सड़क किनारे रह रहे लोग परेशान

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुर :** जिले में ठंड बढ़ गई है, जिसकी वजह से तापमान में गिरावट आ गई है.शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा तो अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस मापा गया है.निगम के द्वारा अभी तक सभी जगहों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है.बेसहारा लोगों के बीच कम्बल का वितरण नहीं किया गया है.लोग चप्पल जला कर ठंड से बचाव कर रहे हैं तो बोरे के सहारे लोग ठंड से अपनी जान बचाकर सो रहे हैं. लोगों ने बताया कि हमलोगों को अभी तक कुछ भी नहीं मिला है.पिछले पांच दिनों से धूप नहीं खिली है.फुटपाथ पर सो रहे लोग अस्थायी आश्रय स्थल बनाने की मांग कर रहे हैं. कोहरे की चादर में पूरा शहर लिपटा हुआ है.खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं : बेसहारा लोग खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं.लोग प्लास्टिक की बोरी को ओढ़कर सोने



को मजबूर हैं.उनलोगों का कहना है कि अभी तक हमलोगों को कोई भी मदद नहीं मिला है.निगम से भी कम्बल अभी तक नहीं मिला है.पिछले वर्ष भी काफी देर से कम्बल मिला था वो भी अच्छी कम्बल नहीं मिली थी. सड़कों पर गाड़ियां भी बत्ती जला कर चल रही है : सड़कों पर गाड़ियां बजी बत्ती जला कर चल रही है. धुंध के कारण लाइट जला कर चलना पड़ रहा है.पछुआ हवा चलने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है.कनकनी बढ़ गई है.लोग गर्म कपड़ें पहन कर निकल रहे हैं.पूरा शहर धुंध में लिपट गया है.बीमार लोग घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं.

## शनिवार से होगा जातीय जनगणना का कार्य शुरू

**दैनिक शुभ भास्कर दरौंदा / सीवान ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखंड मे जाति आधारित गणना में प्रथम चरण में शनिवार से मकान सूची गणना के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। हालांकि प्रवेक्षक एवं प्रगणकों को गणना करने के लिए दिये जाने वाले कीट उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस संबंध में चार्ज अधिकारी सह बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ समान उपलब्ध कराया गया है जबकि कुछ आज प्रखंड कार्यालय में आ जाने की उम्मीद जताई जा रही है। शनिवार को सभी प्रवेक्षक एवं प्रगणकों को किट वितरण किया जाएगा। दारौंदा प्रखंड के 17 पंचायतों में 233 वार्ड में 437 प्रगणकों द्वारा प्रथम चरण में मकान सूची गणना कार्य शुरू हो जाएगी।

## मशरक में सड़क दुर्घटना में लड़का घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती, इलाज के बाद छपरा रेफर



**दैनिक शुभ भास्कर मशरक/ सारण / धर्मेन्द्र सिंह**

छात्र सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलावस्था में परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल की पहचान घोघियां गांव निवासी ओम प्रकाश राय के 6 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई ।ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर सर पर लगे गहरे जख्म के वजह से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।घटना के बारे मे परिजनों ने बताया की वह ऑटो में सवार होकर मशरक जा रहा था की ऑटो में पीछे से बाइक टक्कर मार दी जिसे वह ऑटो से निकल सड़क पर गिर पड़ा जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

# हत्या के दोनों आरोपी गिरफ्तार



**माँझी सारण** थाना के गुदाहां कला गांव में बीरेंद्र महतो के पुत्र राहुल कुमार की चाकू घोंप कर हत्या कर देने के मामले में मृतक के छोटे भाई मनीष कुमार के फर्दबयान पर प्राथमिकी दर्ज करने बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद उसी गांव के मोहित कुमार व मनु कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मंगलवार की शाम गिरफ्तार दोनों अभियुक्त मृतक राहुल कुमार को घर से बुलाकर ले गए थे। उसके बाद घर से कुछ दूरी पर सड़क के किनारे पीपल के पेड़ के पास मोहित कुमार ने राहुल को दबोच लिया और मनु ने जान मारने की नियत से चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद राहुल बुरी तरह से जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़ा और छटपटाने लगा। उसके बाद घटना की जानकारी मिलने पर घर वालों के चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी आ गए।किसी तरह उसे मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्राथमिकी में घटना का कारण पूर्व में एक लड़की के कारण हुआ विवाद बताया गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है। परिवार के लोग अभी भी दहशत में हैं। वहीं शांति-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस गांव में गशत लगा रही है।

## सिवान के एक युवक की सड़क हादसे में मौत वही दूसरा गंभीर रूप से घायल

**दैनिक शुभ भास्कर सीवान/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर गुरुवार की देर रात करीब 2:00 सड़क के किनारे हाईवे पर ट्राला लगाकर जेसीबी मशीन उतार रहे चालक और खलासी को एक तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। घटना में ट्राला के एक खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना दिल्ली लखनऊ हाईवे पर स्थित डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जिवाई पुलिस चौकी के समीप की है। घटना में मृतक की पहचान सीवान जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत टेघड़ा गांव के रहने वाले 26 वर्षीय सैयद हुसैन के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक गांव के ही रहने वाले 27 वर्षीय नूर आलम के रूप में हुई है। जैसे ही मौत की जानकारी परिजनों को मिली परिजनों में कोहराम मच गया है। बताते चलें कि लगातार पांच दिनों से कुहासा अपना कहर बरसाया हुआ है। और इसमें लगातार सड़क हादसे हो रही है कई लोगों की परिवार भी उजड़ जा रहा है। लोगों से अपील होगी कि मुंहासे के मौसम में गाड़ी तेज रफ्तार में ना चलाएं।

## मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल



**रसूलपुर / सारण** स्थानीय थाना क्षेत्र के घुरघाट से मारपीट के आरोपी को गिफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।थाना अध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी ने बताया कि घुरघाट निवासी दिलीप शर्मा पिता चंद्रिका शर्मा पर एसटी ऐसी के तहत मारपीट का आरोपी था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# स्नातक नामांकन के तीसरे सूची में आरक्षण मानकों में व्यापक गड़बड़ीःआर.एस.ए

**गोपालगंज/मनीष पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

आज आर एस ए के प्रमुख कार्यकताओं के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे दिन महेंद्र महिला कॉलेज गोपालगंज के मेन गेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि स्नातक प्रथम खंड के नामांकन के लिए जो तृतीय मेघा सूची निकली है उसमें भारी गड़बड़ी की गई है। एससी एसटी के छात्र-छात्राओं का ईडब्ल्यूएस के मेघा सूची में नाम निकाल दिया गया है। जबकि उस कैटेगरी में उस छात्र ने आवेदन भी नहीं दिया है गया है। महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय प्रशासन छात्र का नामांकन इसलिए नहीं ले रहा है कि उस कैटेगरी का सर्टिफिकेट उसको उसके पास नहीं है। जब छात्र-छात्रा उस केटेगरी में आवेदन ही नहीं दिए तो उनका नामांकन मेघा सूची में किस तरह से निकल गया है। यह सब केवल विश्वविद्यालय प्रशासन इसलिए कर रहा है कि सारण प्रमंडल के गरीब छात्र-छात्राओं उच्च शिक्षा से वंचित हो सके। जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार फैला हुआ है। स्नातकोत्तर दितीय सेमेस्टर का अंक पत्र जो इस बार उपलब्ध कराया गया है वह फोटो स्टेट के कागज पर सादे प्रिंटर से छाप दिया गया है जो 2 दिन बाद उड़ जाएगा वह सादा कागज लेकर छात्र-छात्रा क्या करेंगे? उसके बाद छात्र-छात्रा विश्वविद्यालय के चक्कर काटते रह जाएंगे विश्वविद्यालय प्रशासन पूरे बिहार के विश्वविद्यालयों से ज्यादा परीक्षा शुल्क लेता है उसके बावजूद ऐसे कागज पर अंकपत्र छाप कर दे रहा है जो 2 दिन बाद उड़ जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य पदाधिकारी केवल कमीशन लेने के चक्कर में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।कुलपति केवल दिखावे के लिए स्नातकोत्तर विभागों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के आड़ में अपना चेहरा चमका रहे हैं।केवल कुलपति अपने पूरे कार्यकाल में जितना निरीक्षण किया है दोषियों पर कितना करवाई किए है उस पर श्वेत पत्र जारी कर दे। सच्चाई का पता चल जाएगा। पैट परीक्षा 2022 का नोटिफिकेशन अभी तक नहीं हुआ।

स्नातक सत्र 21-24 का अभी तक पंजीयन छात्र-छात्राओं का नहीं मिला है। डेढ़ वर्ष में भी पंजीयन कार्ड उपलब्ध नहीं करा पाया जेपीयू प्रशासन। जिसके कारण परीक्षा प्रपत्र नहीं भरा जा पा रहा है। पैट 2021 क्वालीफाइंग सर्टिफिकेट एवं एडमिट कार्ड की हार्ड कॉपी अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। स्नातक तृतीय खंड द्वितीय खंड एवं प्रथम खंड का परीक्षा हुए कई महीने हो गए लेकिन अभी तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं किया गया। कई प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म नहीं भरा जा पा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मो अफजल,जयराम,साहिल राज,सोनू कुमार, बजरंगी, धर्मेंद्र कुमार,मंजीत कुमार,अलाउद्दीन, दीपक कुमार, चंदन कुमार,बब्लू कुमार,राजा कुमार अनीश,शुभम श्रीवास्तव,उपेंद्र यादवआदि थे।

## शनिवार से होगा जातीय जनगणना का कार्य शुरू

**दैनिक शुभ भास्कर दरौंदा / सीवान ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखंड मे जाति आधारित गणना में प्रथम चरण में शनिवार से मकान सूची गणना के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। हालांकि प्रवेक्षक एवं प्रगणकों को गणना करने के लिए दिये जाने वाले कीट उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस संबंध में चार्ज अधिकारी सह बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ समान उपलब्ध कराया गया है जबकि कुछ आज प्रखंड कार्यालय में आ जाने की उम्मीद जताई जा रही है। शनिवार को सभी प्रवेक्षक एवं प्रगणकों को किट वितरण किया जाएगा। दारौंदा प्रखंड के 17 पंचायतों में 233 वार्ड में 437 प्रगणकों द्वारा प्रथम चरण में मकान सूची गणना कार्य शुरू हो जाएगी।

## कपूरी ठाकुर समाज संघ एवं बाल कटाई जनकल्याण नाइट्रेट यूनियन की कोर कमिटी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य की बैठक किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर इसुआपुर (सारण )/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

इसुआपुर प्रखंड स्थित कपूरी ठाकुर संघ एवं बाल कटाइ कार्यालय मे जनकल्याण नाइक्ट्रेट यूनियन की कोर कमिटी एवं राज्य कार्यकारनी सदस्य की बैठक की गई जिसमें आगामी 24 जनवरी 2023 को बिहार के जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने का की विस्तृत चर्चा की गई और रेट लिस्ट का लोकार्पण मीडिया सम्मान समारोह की चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से संस्थापक संजय ठाकुर नें बैठक की अध्यक्षता किया बैठक मे मुख्य रूप से हरे कृष्णा ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, असर्फी ठाकुर प्रदेश महासचिव, अर्जुन ठाकुर कोषाध्यक्ष,सुरेंद्र ठाकुर राज्य कार्यकारिणी सदस्य,मोहन ठाकुर राज कार्यकारिणी सदस्य,बिगन ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य और तमाम प्रखंड से आए हुए प्रखंड अध्यक्ष इसुआपुर प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर मसरख प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन ठाकुर,पानापुर प्रखंड अध्यक्ष उमेश ठाकुर, अमनौर प्रखंड अध्यक्ष भिखारी ठाकुर,सरैया प्रखंड अध्यक्ष बलेसर ठाकुर,इत्यादि सभी प्रखंडों से लोगों ने भाग लिया और बृहद रूप से कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने का संकल्प लिया।

## ठंड बढ़ने से लोगों के दातों में हो रही है अनेक प्रकार की बीमारिया

**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर नवनीत मिश्रा सारण**

प्रखण्ड में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोगों के दातों में हो रही है अनेक प्रकार की बीमारिया, ऐसे में पैगम्बर पुर पोखरा व मलमलिया सिवान रोड़ स्थित डेंटल डॉक्टर आबिद हुसैन से जब बात हुआ की ठंड से कौन, कौन सी बीमारी दातों में हो सकती है और परेशानी पढ़ा सकती है तो इस से कैसे बच्चे, तो कुछ इस प्रकार डॉक्टर आबिद हुसैन ने बताए! 1. सर्दियों के दौरान दांत अत्यधिक ठंडे मौसम की वजह से सिकुड़ते हैं। 2. ठंड में दांतों में दरारें पैदा कर सकता है जो दर्द का कारण बनता है ' 3. जब दांतों का ईनेमल खराब हो जाता है या मसूड़ों की पकड़ कम हो जाती है तो यह दांतों को तापमान में बदलाव के प्रति बहुत संवेदनशील बना देती है यानी



सेंसिटिव ( अंगरना ) ठंड में ज्यादा हो जाता है । 4. मसूड़ों में सूजन पीरियडोंटल बीमारी के शुरूआती चरणों में से एक है जो ठंड में इस वजह से भी सेंसिटिव ( अंगरना ) का कारण ये भी है वही हॉस्पिटल संचालक अल्ताफ हुसैन ने कहां की ठंड में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है और तमाम तरह की दांतों में बीमारियां के इलाज के लिए लोग पैगंबरपुर पोखरा स्थित एवं मलमलिया सिवान रोड स्थित हॉस्पिटल में लोग आते हैं और लोगों को संतुष्टि पूर्वक इलाज करके घर भेजा जाता है

## खेतों तक बिजली सिर्फ कागजों पर, सरकार के खोखले दावे

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/सारण/मनीष पाण्डेय**

मांझी प्रखंड के जैतपुर तथा पिपरहिया गाँव में खेतों तक आज तक बिजली नहीं पहुंचने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति में किसानों को अपनी खेती के लिए निजी नलकूप या मौषम पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है या दो किलोमीटर दूर से बिजली का तार खींचकर खेतों तक लाना पड़ता है। इसके बाद बिजली चलित मोटर से खेतों की सिचाई हो पाती है। ऐसे में किसानों को हर सीजन में फसलें खराब होने का खतरा बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि आसपास के इलाकों में खेतों तक बिजली पहुंचा दी गई है, लेकिन इस क्षेत्र के किसान अपने खेतों तक बिजली के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। किसान बताते हैं कि 2019 में ही कनेक्शन



के लिए आवेदन जमा किए हैं परंतु आज तक कोई सम्बन्धित अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं ।बिजली के चलते सिचाई सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को फसलों का उत्पादन भी नहीं मिलता है। किसान रामकिशोर पाण्डेय,शम्भू सिंह,गोपाल पाण्डेय, सरोज सिंह,विजय पाण्डेय,रामायण महतो,पुष्पक तिवारी,कृष्णा ठाकुर, गणेश यादव,सुरेश महतो आदि ने बताया कि बोरिंग तक बिजली नहीं पहुंचने से किसानों को सिचाई में भारी परेशानी होती है। निजी पंपसेट से महंगे दामों में सिचाई करना पड़ता है ।एक तरफ सरकार दावा करती है कि राज्य के सभी खेतों तक बिजली पहुंचा दी गई है जो हम जैसे किसानों के साथ छलावा कर रही हैं। पूर्व मुखिया जय प्रकाश सिंह ने बताया कि अगर एक सप्ताह में गांव के सभी बोरिंग तक बिजली नहीं पहुचती हैं तो सरकार के खोखले दावे को दिखाने के लिए मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाएंगे।

## एक हफ्ता से लगातार शीतलहर एवं ठंड का रुख चरम सीमा पर है



**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर नवनीत मिश्रा**

सारण में एक हफ्ता से लगातार शीतलहर एवं ठंड का रुख चरम सीमा पर है पारा लगतार नीचे की ओर लुढ़कते हुए नजर आ रहा है ऐसे में ठंड से बचने के लिए प्रखंड क्षेत्र में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं हार मास गला देने वाली ठंड ने लोगों का आने जाने एवं किसान की खेती-बाड़ी पर खासी असर डाला है कामकाज करने वाले मजदूर एवं गरीब तबके के लोगों के लिए ठंड मुसीबतों का संकट बना हुआ है घरों में बच्चे एवं बूढ़े या जवान सभी लोग घरों में कंबल एवं रजाई का साथ ही अलावा सहारा ले रहे हैं ऐसे में लोग जरूरी काम-काज हो तभी लोग घर से बाहर निकले और स्वास्थ्य का ध्यान में रखते हुए खानपान का भी ध्यान रखे साथ ही गर्म कपड़ा भरपूर पहने !

## लक्ष्मीपुर 24 नंबर रेलवे गुमटी के पास गोली कांड का जायजा लेते खजौली थाना पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर प्रतिनिधि, खजौली:**

थाना क्षेत्र के खजौली पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव के 24 नंबर रेलवे गुमटी के पश्चिम दिशा ठाहर गांव जाने वाले मुख्य पक्की सड़क पर दिन के चार वजे में वाइक सवार अपराधी ने प्रखंड़ क्षेत्र के सतेढ लक्ष्मीपुर गांव निवासी राजदेव यादव के पुत्र मुकेश कुमार यादव उम्र 30 वर्ष को पीठ में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया गया.गोली कांड की सूचना मिलते ही खजौली थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर घटना का जायजा लिया गया.वही जख्मी मुकेश कुमार यादव अपने वाइक बैठे हुए तेज रप्तार कर अपने घर सतेढ लक्ष्मीपुर गांव पहुँचा. वही गोली से जख्मी मुकेश को उनके परिजन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कलुआही में भर्ती कराया गया.लेकिन पीएचसी के डॉक्टर ने गंम्भीर हालत देखते हुए सदर हास्पिटल मधुबनी रैफर कर दिया गया, जो खतरे से बाहर है.प्राप्त जानकारी अनुसार मुकेश कुमार यादव अपने रिश्तेदार राजनगर प्रखंड़ क्षेत्र के बरहारा गांव से अपने घर आ रहा था. मुकेश ने जब 24 नंबर रेलवे गुमटी पार कर रहा था उसी वक्त वाइक के लुकिंग ग्लास में देखा कि एक वाइक पर तीन व्यक्ति सवार में से बीच वाला व्यक्ति रिवाल्वर मेरे पीठ की तरफ ताने हुए देखा.मैं वाइक को स्पीड कर भागने लगा कि पीछे मेरे पीठ में एक गोली लगा, फिर अपराधी ने दूसरी गोली को फायर करने पर वह गोली मिस कर गया. मैं वाइक को तेज रप्तार कर गांव में धुस कर हो हल्ला करते हुए वाइक चलाकर अपने घर पहुँच गया. जख्मी मुकेश के पिता राजदेव यादव ने बताया कि अपराधी की अभी चिन्हित नही हुआ है.वही थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर पहुँचने पर मुकेश को गोली लगने की पुष्टि हुई है.वही गोली कांड में जख्मी मुकेश कुमार यादव की व्यान आने पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी किया जाएगा.वही पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच पड़ताल गोपनीय तरीके से किया जा रहा है.

## मौसम में बढ़ी ठंडी ने सभी को कर दिया बेहाल

**दैनिक शुभ भास्कर मढ़ौरा /सारण/सत्येन्द्र कुमार सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मढ़ौरा सारण - मढ़ौरा में लगतार बढ़ रही ठंडी से लोग परेशान हो चुके हैं` लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं कुछ लोग तो निजी तौर पर लकड़ी इकट्ठा करके अलवा का व्यवस्था किये है ताकि ठंड से बचा जा सके` वही सरकारी गाच्छी में दूकानदारों के द्वारा दूकान के आगे अलवा का व्यवस्था किया गया है` ताकि जितने भी लोग बाजार में खरदारी करने के लिए जा रहे हैं ठंडी से बच सके` वही मढ़ौरा में परेशासन के द्वारा भी कड़ाके की ठंडी से बचने के लिए अलवा का व्यवस्था किया जा रहा है ताकि आमजनमानस को ठंड से बचाया जा सके` हलांकि लगतार बढ़ रहे ठंडी से लोगों को परेशानी हो रहे है आमतौर पर ठंड के लगतार बढ़ते प्रकोप के कारण बुजुर्गों एवं बच्चों को तो घर से निकला मुश्किल हो चुका हैं

## जननायक कपूरी जयंती समारोह बापू सभागार पटना में सारण से 2000 जदयू कार्यकर्ता होंगे शामिल : अल्ताफ

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/मनोज तिवारी/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दावत होटल छपरा में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में जदयू समर्पित कार्यकर्ताओ की बैठक आहूत की गई ।बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जेपी सेतु, गोविंद चक, नायगाँव, सीतलपुर, बोलबम, चितामनगंज, गरखा, भाईसमारा, राठौर टोला, बायपास मोर, साढा ढाला, कचहरी स्टेशन, जोगेनिया कोठी, नागापालिका चौक, थाना चौक, मजहरुलहक चक, जदयू कार्यालय सर्किट हॉउस गेट पर तोरण द्वार कार्यकर्ता द्वारा बनाया जाएगा मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सारण के सभी प्रखंडो में कार्यकर्ताओ में उत्सव का माहौल है श्री आलम ने कहा की 24 जनवरी को जननायक कपूरी ठाकुर जी की जयंती में बापू सभागार पटना में सारण से जदयू 2000 कार्यकर्ता सम्मलित होंगे बैठक में जदयू प्रदेश सचिव नंदकिशोर सिंह, राजेश त्यागी, सुरेश कुमार सिंह,अरशद परवेज, जयप्रकाश यादव, महेश सिंह,डॉक्ट्ट अशोक कुशवाहा, पशुप्तिनाथ पटेल, डॉक्ट्ट दिनेश कुशवाहा, काजिम रजा रिजवी, बाल्मीकि पाठक, गुड्डा सिंह, लियाकत अली, जयप्रकाश महतो,संजीव सिंह, डॉक्ट्ट रीता भारती, डॉक्ट्ट जयप्रकाश भारती, ईश्वर राम, लालमुनी देवी, रेयाजुद्दीन, चांदनी सिंह,संजय राम दीपक सिंह,राकेश भारती, कुसुम देवी, कलीनदर राम,सम्भु मांझी, हसनैन अंसारी गुड्डू सिंह,

## चचेरे भाई ने अपनी अपनी बहन को भगाया, पति ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**दरियापुर/ सारण/ नित्यानंद/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

डेरनी थाना क्षेत्र के वेदवलियाँ गांव के युवक की पत्नी अपने चचेरे भाई के साथ यह कहकर घर से निकली कि मामा के घर हो रही शादी समारोह में सम्मलित होना है लेकिन वह वहां भी नही पहुंची तो पति ने अपने स्तर से खोजबीन के उपरांत स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है प्राप्त जानकारी के अनुसार वेदवलियाँ गांव निवासी बिनोद साह की पत्नी सुमन कुमारी अपने पति और परिवार से यह कहकर घर से निकली कि मामा के घर मे शादी में सम्मलित होना है और मैं अपने चचेरे भाई के साथ के साथ जा रही हूं तब जाने की इजाजत दे दी लेकिन जब पति ने अपने पत्नी के फोन पर सम्पर्क करने कि कोशिश की तो फोन स्विच ऑफ था और चचेरे भाई के फोन भी बंद मिला इसके बाद पति विनोद ने स्थानीय थाना में चचेरे भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई।

# एमपीएस में स्कूल के पूर्व निदेशक को उनके चौथी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**मुबारक हुसैन ब्यूरो दैनिक शुभ भास्कर**

फारबिसगंजः फारबिसगंज के भद्रेश्वर स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे विद्यालय के पूर्व निदेशक स्व. विकास मिश्रा को उनके चौथे पुण्यतिथि पर याद किया गया और मौजूद लोगों ने सीमांचल में शैक्षणिक माहौल की बड़ी लकीर खींचने वाले स्व.विकास मिश्रा के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी,विशिष्ट अतिथि के रुप मे फारबिसगंज नगर परिषद के मुख्य पार्षद वीणा देवी, कुमार झा,भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष सुराना,फारबिसगंज प्रमुख सह राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान जी,पवन मिश्रा,रमेश सिंह,त्रीलोक नाथ झा, अररिया के उप मुख्य पार्षद गौतम शाह, अजय झा, गुड्डू झा,



मनोज जायसवाल,आयुष अग्रवाल, क्रांति कुमार, कुमार झा, हरिशंकर झा,डा.मनोरंजन शर्मा, इंदिरा मिश्रा, शिशिर मिश्रा, मिहिर मिश्रा, के.पी. नाथ,विभाकर झा शरतचंद्र झा, जय किशोर झा, अचमित पासवान, संतोष पासवान, विनोद पासवान, मो. शमशेर आलम, वैधनाथ मंडल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर विकास मिश्रा स्मृति सम्मान-2023 समग्र मिथिला चैरिटेबल ट्रस्ट अररिया एवं सरयू मिश्र मेमोरियल ट्रस्ट फारबिसगंज को दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा इस अवसर पर आर्थिक रूप से पिछड़े और असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या पुतुल मिश्रा, निदेशक विपुल मिश्रा, विधायक विद्यासागर केशरी सहित विशिष्ट अतिथियों एवं बडी. संख्या में उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा स्व. विकास मिश्रा जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मंच का संचालन गोविन्द मिश्रा ने किया। इसके अलावे, अमित झा, पंकज झा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

# टेढ़ी मुसहरी में विद्यालय भवन निर्माण में सामग्री गुणवत्ताविहीन

**अजय रंजन, फारबिसगंज**

फारबिसगंज प्रखण्ड क्षेत्र के टेढ़ी मुसहरी पंचायत में कबीर चौक के समीप प्राथमिक विद्यालय का नया भवन का निर्माण किया जा रहा है। विद्यालय भवन निर्माण में विभागीय अधिकारी व ठेकेदारों द्वारा लापरवाही तरीके से कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार ने बताया कि ठेकेदारों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नही किया जा रहा है। सरकारी पैसों का बंदरबाँट धरातल पर हो रहा है जिसका सुधि लेने वाला कोई नही है। विभाग के तरफ से अभी तक जाँच नही किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्यालय भवन बनने से यहाँ के बच्चों को पढ़ने लिखने में काफी सहूलियत होगी लेकिन इसके विपरीत विद्यालय भवन निर्माण कार्य मे काफी अनियमितता बरती जा रही है। विभागीय अधिकारी इस कृत्य से अनभिज्ञ है जिसका खामयाजा टेढ़ी



मुसहरी की जनता को भुगतना पड़ेगा। शिलापट्ट लगाने के जगह फ्लेक्स बैनर लगाया गया है जो मानक के विपरीत है। मानक के विपरीत कार्य होने से भवन ज्यादा दिन नही चलेगा। घटिया किस्म का ईंट, बालू, गिट्टी, सरिया आदि का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है जिससे भवन कम दिनों में ही क्षतिग्रस्त होने लगेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन निर्माण की गुणवत्ता का जाँच किया जाए जिससे कार्य की गुणवत्ता पता चले।

# शाम होते ही नशे के आगोश में डूब जाता है भरगामा प्रखंड

**भरगामा / अररिया**

बिहार राज्य मद् निषेध अधिनियम 2016 में बने कानून की प्रतिदिन उड़ रही है धज्जियां। भरगामा प्रशासन की ओर से लगातार छापेमारी की जा रही है और शराबियों एवं शराब तस्कर को भी रोज गिरफ्तार किए जा रहे हैं इसके बावजूद भी नहीं थम रहा है शराब तस्कर का व्यापार। शाम होते ही थाना क्षेत्र के खजूरी बाजार, भरगामा, महथावा बाजार, जयनगर मोड़, सिमरबनी बाजार में शराबियों और शराब तस्कर का झुंड देखा जा सकता है। सरकार द्वारा बनाए गए कानून को ताक पर रखकर इस तरह के कारोबार क्षेत्र में काफी तेजी से फल-फूल रहा है। नाम नहीं बताने के आधार पर एक व्यक्ति ने बताया



शराबबंदी कानून लागू होने के बाद लोगों को और सुविधा बढ़ गई है भले ही कुछ ज्यादा पैसा वहन करना पड़ता है लेकिन सही सलामत गंतव्य स्थान तक शराब की होम डिलीवरी हो जाती है पहले की अपेक्षा अभी और ज्यादा सुलभ हो गया है शराब खरीदना। वही प्रशासनिक पदाधिकारी बताते हैं शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने को लेकर लगातार छापेमारी की जाती है और लगातार ही शराब तस्कर और शराबी को गिरफ्तार कर थाने लाया जाता है और आवश्यक कार्यवाई करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। इन सब के इतर शराब कारोबार में नित्य नए कारोबारी इस धंधे में आ रहे हैं जिससे पूरे प्रखंड क्षेत्र में शराब भूत की तरह हो गया है। दिखता कहीं नहीं मिलता हर जगह। ऐसे में राजस्व की भारी कमी तो हो ही रही है बिहार का राजस्व दूसरे प्रदेश में जा रहा है जो एक चिंता का विषय है

# खनन माफिया लगा रहे है सरकार को चुना, नियम को ताक पर रखकर कर रहे है खनन



**नरेश कुमार मंडल दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है जहाँ बरसात के दिनों मे चरों तरफ पानी लगा रहता है जिसके कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, बरसात के दिनों मे काफी जान-माल का क्षति भी होता है,लेकिन बरसात का मौसम समाप्त होते ही खनन माफिया खनन करने मे सक्रिय हो गया है, खनन माफिया आज कल सीमावर्ती इलाके मे काफी सक्रिय है बेखौफ होकर खनन कर रहे है, खनन माफिया व ईंट भट्टा संचालक के द्वारा खनन कार्यालय से परमिशन तो लेते है लेकिन खनन के नियम का पालन किये बीना बेखौफ 8 से 10 फिट मिट्टी काटते है, जोगबनी, पिपरा, कुसमाहा, मीरगंज आदि इलाके फलट इलाका है जहाँ बरसात के दिनों मे पानी लगा होता है और जनमानस को काफी समस्या होता है उस इलाके मे बेखौफ खनन करता है। सूत्रों की माने तो जोगबनी, सहवाजपुर, कुसमाहा आदि क्षेत्र मे खनन माफिया बीना परमिशन के बेखौफ मिट्टी काट रहे है और खनन माफिया का कहना है कि खनन कार्यालय पैकेट मे है कोई समस्या होगा या कोई जांच मे भी आएगा को कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि जब चाहेंगे फोन पर भी परमिशन मिलगा।

# जातिगत जनगणना को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

**नरपतगंज/ अररिया**

बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को मनमाने तरीके से दूरदराज के पंचायत एवं ऑफिस कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक द्वारा मनमाने तरीके से पर्यवेक्षक एवं अन्य पदों पर तैनात होने को लेकर शुक्रवार को दर्जनों शिक्षकों ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में जमकर हंगामा मचाया। हंगामा मचा रहे शिक्षकों का कहना था कि जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जहां शिक्षकों को दूरदराज के पंचायत में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। किसी शिक्षक को 20 से 25 किलोमीटर की दूरी तो महिला शिक्षकों को भी पंचायत से बाहर प्रतिनिधि कर दिया गया है। सभी शिक्षकों का आरोप था कि मनमाने तरीके से जातिगत जनगणना कार्य में शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी का कहना था कि ऑफिस में तैनात प्रतिनियुक्त शिक्षक अपने तथा अपने चहेतों को पर्यवेक्षक पद पर प्रतिनियुक्त कर दिया



गया है। सीनियरिटी के आधार पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाए एवं जिस पंचायत में जो शिक्षक प्रतिनियुक्त हैं। उसी पंचायत में उसकी प्रतिनियुक्ति हो अगर वहां संभव नहीं तो बगल के पंचायत में प्रतिनियुक्त करने की मांग कर रहे थे। खासकर महिला शिक्षिकाओं को पंचायत या अगल-बगल के पंचायत में प्रतिनियुक्त करने की मांग कर रहे थे। सभी शिक्षक प्रखंड मुख्यालय में पहुंचकर बीडीओ चंदन प्रसाद से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया तथा सूची बनाने में अनियमित को लेकर आपत्ति भी दर्ज कराई। शिक्षकों ने आवेदन देकर सूची सुधार की मांग रखी। बीडीओ ने आश्वासन देते हुए सभी शिक्षकों को कहा कि जिन शिक्षको को सूची में आपत्ति है। आवेदन प्रखंड मुख्यालय में जमा करें सभी की समस्याओं का समाधान करने की आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, रंजय कुमार राजन, डॉ वीरेंद्र राय, चैतन्य कुमार, प्रमोद कुमार मौजूद थे।

# रानीगंज में पौष पुर्णिमा मेला को लेकर भरगामा पुलिस का वाहन गश्ती तेज



**भरगामा / अररिया**

भरगामा थाना पुलिस ने सीमावर्ती थाना क्षेत्र रानीगंज के जामुन घाट में लगने वाले पौष पूर्णिमा मेले को लेकर गस्ती किया तेज। बताते चलें कि रानीगंज के पौष पूर्णिमा मेले में काफी भीड़ जमा होती है जहां पर काफी दूरदराज के लोगों का आना जाना लगा रहता है ऐसी परिस्थिति में कोई भी अप्रिय घटना घटित ना हो जिसको लेकर भरगामा थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर वाहन गश्त एवं वाहन चेकिंग तेज कर दिया हैं। वाहन जांच के क्रम में आते जाते वाहनों के डिक्की की सघन तलाशी ली गई एवं संदिग्ध गतिविधि वाले लोगों की तलाशी ली गई और पूछताछ की गई। वहीं क्षेत्र के जिलेबिया मोड़ जयनगर मोड़, सुकेला मोड़, खजूरी, रेशम लाल चौक पर वाहन गति तेज कर आते जाते वाहन चालकों की सघन तलाशी ली गई। वही वाहन गश्ती अभियान में एसआई उमाकांत राय, एसआई कारे पासवान, एएसआई कुलदीप कुमार, एएसआई संजय कुमार एवं सशस्त्र बल जवान शामिल रहे।

# एनटीपीसी कहल गांव मे एक स्बीशन फुटबाल मैच के फाइनल मुकाबला का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से ब्यूरो चीफ निबराज आलम की रिपोर्ट**

भागलपुर जिला के एनटीपीसी कहलगांव मे एकस्बीशन फुटबाल मैच के फाइनल मुकाबला ढळर के मैदान मे आयोजन किया गया र.ऋढउ चायटोला और बनशीपुर के बीच खेला गया जिसमे दोनो टीमे 2-2 के बराबरी पर मैच को समाप्त किया जिसके बाद निर्णायक के द्वारा पेनाल्टी सूट आउट कराया गया जिसमे र.ऋढउ चायटोला की तरफ से 1 गोल कर के मैच को अपने नाम किया विजेता टीम की तरफ से प्रभु कुमार ने विजयी गोल दागा विजेता और उप विजेता टीम को एनटीपीसी उरफ की प्रबंधन की तरफ ट्रॉफी और शील्ड देकर सम्मानित किया इस अवसर पर एनटीपीसी के द उ पुजार रमेश ल्र फअजय प्रसाद, रवि नारायन साहू, ॠर रढडफ्ळ स्याम सुनदर एंव अन्य पदाधिकारी मौजूद थे

# 8 सूत्री मांग को लेकर चांदन एवं कटोरिया प्रखंड के सैकड़ों डीलरों ने संयुक्त रूप से छठे दिन राज्यव्यापी हड़ताल जारी

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

8 सूत्री मांग को लेकर कटोरिया एवं चांदन प्रखंड के सैकड़ों डीलरों ने शुक्रवार को कटोरिया प्रखंड के पुराने सभागार में बैठक कर हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया। छठे दिन पीडीएस डीलरों की हड़ताल शुक्रवार को जारी रही इस संबंध में कटोरिया चांदन प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव एवं देचू यादव ने डीलरों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी अधिकारी के दबाव में आकर हड़ताल को समाप्त नहीं करना है जब तक सरकार हम लोगों की मांग नहीं मानने की हड़ताल जारी रहेगा वही अधिक से अधिक संख्या में 10 जनवरी को पटना में होने वाले डीलरों की बैठक में शामिल होने की अपील की गई। गौरतलब है कि जनवरी माह के खाद्यान्न का वितरण पूरे प्रदेश सहित



कटोरिया चांदन प्रखंड के डीलरों ने स्थगित कर दिया है जिसमें 30 हजार रुपैया मसिक मानदेय या 300 प्रति कुंतल की दर से कमीशन देने को लेकर राज्यव्यापी हड़ताल छठे दिन कटोरिया में जारी रहा। इस मौके पर कटोरिया प्रखंड के सुशील यादव, दिनेश यादव, जयप्रकाश सिंह, अखिलेश चौधरी ,मुकेश रजक, राजेंद्र केसरी, बीना देवी ,अवधेश सिंह, पंकज कुमार यादव, चांदन प्रखंड के छब्बू यादव, आजाद जी , चांदनप्रखंड अध्यक्ष बेचू यादव, दिलीप राय ,अरविंद यादव, भूदेव यादव, लखन साहे आदि उपस्थित थे।

# कुआं मे मिला लावारिस लाश

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया प्रखंड के जयपुर थानान्तर्गत हजारी गांव के एक पुरानी कुआं मे लावारिस लड़की का शव जयपुर थाना के पुलीस ने बरामद कीया है जिनका उम्र लगभग 25 वर्ष बताया जा रहा है।बताया जा रहा है की आसपास के ग्रामींणों ने जब कुआं मे लाश देखा तो जयपुर थाना प्रभारी को फोन कर सुचना दिया।सुचना पाकर जयपुर थाना प्रभारी मुरलीधर साव ने दल बल के साथ जाकर शव को कब्जे मे लिया।इस घटना को लेकर पुलिस पूछताछ मे जुटा हुआ है लेकिन अभीतक कोई सुराग पता नही चला है।

# उलार धाम सूर्य मंदिर में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ अनुमंडल क्षेत्र के दुल्हिनबाजार स्थित उलार धाम सूर्य मंदिर न्यास समिति के सौजन्य से शुक्रवार को उलार सूर्य मंदिर परिसर में कार्तिक छठ पुजा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष सह पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार ने किया। मौके पर न्यास समिति के संरक्षक श्री अवध बिहारी दास जी महाराज ने कार्तिक छठ पूजा को सफल बनाने के दौरान प्रशंसनीय कार्य करनेवाले सामाजिक कार्यकताओं, पदाधिकारियो, बुद्धिजीवियों, जन प्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों को शॉल, सम्मान पत्र



व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान पालीगंज अनुमंडल अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि उलार सूर्य मंदिर में प्रत्येक साल की भांति छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाता है और इसी को लेकर छठ पूजा में तमाम प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय पत्रकार बेहतर कार्य करते हैं जिसको लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों को सम्मानित किया गया है। मौके पर मंदिर के संरक्षक सह महंत श्री अवध बिहारी दास जी महाराज, पालीगंज एसडीएम मुकेश कुमार, एएसपी अवधेश दीक्षित, पालीगंज बीडीओ संजीव कुमार, पालीगंज सीओ, पालीगंज इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता, दुल्हिन बाजार बीडीओ पंकज दीक्षित, सीओ नागेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, रानितलाब थानाध्यक्ष बिमलेश कुमार, मंदिर के सहायक पुजारी आनन्द बाबा, सोपालजी, दिलीप सिंह, स्थानीय मुखिया संदीप कुमार व सरपंच रजनीकांत शर्मा शहीत अन्य लोग मौजूद थे।

# जिलेबी काका फिल्म शूटिंग का हुआ शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर दरौंदा/सीवान/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

महाराजगंज अनुमंडल शहर के इंदौली स्थित जरती माता मंदिर परिसर से भोजपुरी फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ किया गया जहां नायक नायिका फिल्म के निर्देशक व रिटायर्ड रेलवे अधीक्षक प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताते चलें कि भोजपुरी में फूहड़ गीत और अश्लीलता का विरोध का प्रदर्शन, ट्रेन में यात्रा करते समय नशा खुरानी गिरोह से बचने के उपाय तथा भाई भाई में हो रहे मतभेद को मिटाने का प्रयास किया गया है। प्रेम कुमार श्रीवास्तव जो फिल्म के निर्देशक हैं तथा फिल्म में जिलेबी काका का किरदार भी निभाया है ने बताया कि यह फिल्म पूरे परिवार को एक साथ बैठकर देखने लायक यह पिक्चर है वही फिल्म में गीत गायिका भी सिवान जिला के रहने वाली है जिसका नाम चुलबुली पांडे ने बताया कि भोजपुरी



में बढ़ रही अश्लीलता को दरकिनार कर दिया गया है और साफ-सुथरी व संस्कार युक्त शब्दों से फिल्म में गीत को गाया गया है। फिल्म सूटिंग के दौरान कलाकार रितेश कुमार, नंदनी कुमारी, डॉक्टर ईश्वर चंद्र शर्मा, रामायोध्या मांझी, लालामोहन मांझी, अनुप्रिया, कल्पना, श्रेया, काजल, अंशिका, मोनिका, नंदनी, राजीव कुमार भारती, अमित यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ छुन्नी बाबू, सत्यम श्रीवास्तव, अभिषेक अर्पण, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष कुमार चंदन, डॉक्टर अभिषेक कुमार कुंदन, राजकुमार ठाकुर, मुजाहिद हसन दिलावर, रोहित कुमार, पत्रकार तरुण ठाकुर, मोहम्मद हाशिम दिलीप सिंह, ब्रजेश तिवारी, पुतुल कुमारी के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे.

# पिता को अगवा कर पुत्र को जान से मारने की दी धमकी

**कोपा /सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मामला कोपा थाना क्षेत्र के मुसेहरी गांव का बताया जा रहा है । पिता को अगवा कर पुत्र को जान से मारने की धमकी जिसको लेकर मुसेहरी गांव निवासी सुरेश मांझी पिता - छठु मांझी ने आज जिसको लेकर कोपा थाना में आवेदन दिया।थाने में दिए लिखित आवेदनानुसार सुरेश मांझी सुबह के समय लगभग 8बजे मजदूरी करने जा रहे थे तो वही रास्ते से नवाजीस अल्ली, रिजवान अली खा ,पिता स्व इरशाद अली खां ग्राम मरहा, थाना, मांझी तथा तारकेश्वर प्रसाद, पिता स्व राजेंद्र साह ग्राम कोपा, थाना कोपा निवासी तीनो मिलकर स्कॉर्पियो में जबरदस्ती बैठा लिए और छपरा भगवान बाजार निजी अस्पताल में मेरे दोनों हाथ पर बलेड से कटिंग करा दिए और जान से मारने की धमकी दिए और बोले अगर



किसी को बताए तो जान मार कर फेक देंगे और छपरा सदर अस्पताल में इलाज करा कर अंगूठे का निशान दिलवाया गया और हमको अभद्र भाषा में गाली दे कर मेरे पुत्र को अगवा कर जान से मारने का धमकी दिए जिससे मुझे डर है कि मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई घटना हो सकता है पीड़ित ने थानाध्यक्ष से जांच कर उचित करवाई करने की गुहार लगाई।

# मिजाचौकी के चर्चित नाली में फसा हाईवा

मंडरो। साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी बाजार में सालों भर सड़क पर बहने वाला चर्चित नाली को लेकर लोग दूर-दूर तक जानने लगे हैं। ताजा उदाहरण शुक्रवार देर शाम का बताया जा रहा है रेलवे गेट के सामने सड़क के किनारे स्थित नाली में एक हाईवा वाहन फस गया जिसे लेकर घंटों तक वाहनों का परिचालन बाधित हो गया। हालांकि हम उसी सड़क की बात कर रहे हैं जिस सड़क को लेकर मिजाचौकी के लोगों ने पत्राचार कर जिले के तमाम अधिकारी के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधि को अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई भी समाधान नहीं हो पाया है। और लोग उसी परेशानी से प्रतिदिन जूझ रहे हैं

# उत्पाद विभाग ने जोकपहाड़ी में की छापेमारी शराब बरामद कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट कुंडहित जामताड़ा**

शुक्रवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग द्वारा प्रखंड के बागडेहरी थाना अंतर्गत जोकपहाड़ी गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ-साथ डेढ़ सौ किलो जावा जप्त किए जाने की खबर है। वही मौके से कारोबारी दीनबंधु मंडल को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह जोकपहाड़ी गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान दीनबंधु मंडल के घर में 20 लीटर तैयार किया गया देशी शराब मौजूद पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। वहीं मौके से डेढ़ सौ किलो जावा जप्त किया गया है। साथ ही कारोबारी दीनबंधु को गिरफ्तार किया गया है। जिसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई



करते हुए जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से छापेमारी की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं भी शराब का अवैध धंधा चल रहा हो तो उसकी सूचना विभाग को दें। बहरहाल उत्पाद विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

फोटो : जप्त शराब के साथ मौके पर उपस्थित अधिकारीगण।

# श्री कैलाशपुरी मेला का संसद दिलेस्वर कामत ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पीपरा, सुपौल**

जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पथरा उत्तर पंचायत के जोल्हनिया स्थित कैलाशपुरी मेले का उद्घाटन शुक्रवार को स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामत के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पिपरा विधायक रामविलास कामत, पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव मौजूद रहे। मेला सचिव सुनील कुमार के द्वारा आए हुए अतिथियों को मंच पर माला पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके पर सचिव सुनील कुमार के द्वारा सांसद एवं विधायक से मेले की जमीन पर अवैध कब्जा को हटाने की मांग की गई। मेला उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव ने कहा कि यह मेला उत्तर बिहार में प्रसिद्ध माना जाता है। यहां माता विषहरी का मंदिर प्रसिद्ध स्थल है इस इलाके के लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि कोसी की विनाश लीला ने यहां के मेला को विनाश कर दिया सब कुछ बर्बाद कर दिया। माननीय सांसद गुनानंद ठाकुर अनुमंडल पदाधिकारी 1970 ईस्वी से पुनः मेला लगाना शुरू किया, जो अभी तक लग रहा है। इस मेले को 6 बीघा 19 कट्ठा 1 धूर जमीन है जो 1902 ई के खतियान में लिखा हुआ है। कुछ लोगों द्वारा इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे मेला का विकास नहीं हो रहा है। इस जमीन के मामले का जिला पदाधिकारी सुपौल के यहां फाइल रखा हुआ है जिसका निपटारा नहीं की जा रही है । उन्होंने सांसद एवं विधायक से जिला पदाधिकारी से कह कर अवैध जमाबंदी को रद्द कराने की मांग की।पिपरा विधायक रामविलास कामत ने कहा कि यह स्थान काफी ऐतिहासिक है 1902 ईसवी से लेकर आज तक मेला का आयोजन होता रहा है। मेला की जमीन पर अवैध कब्जा है विकास में जो कोई कमी होता है तो रुक जाता है। प्रशासनिक स्तर पर इसका



निपटारा किया जाएगा। जिससे इस स्थान का विकास होगा। जमीन संबंधित समस्या का समाधान हो सभी मिलकर बैठकर मेला का जो जमीन है उस पर अवैध कब्जा का निपटारा हो तो मेला का विकास होगा यह स्थान आने वाला समय में बेहतर होगा।सांसद दिलेश्वर कामत ने कहा कि 15 ,16 वर्षों से मुझे भी इस मेले में आने का मौका मिला है। जब मैं विधायक था इस क्षेत्र का तो मैं इस स्थल पर आता था। अब मैं सांसद हूं तो मौका मिला इस मेले का उद्घाटन करने के लिए। बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि गलत ढंग से इस मेले की जमीन का रसीद कटाकर जमाबंदी करवा लिया गया है। जो गलत है। मैं जिला पदाधिकारी से इस जमीन को अवैध कब्जा से शिकायत कर हटवा देंगे। यह मेला उत्तर बिहार का प्रसिद्ध मेला है यहां माता विषहरी के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि इस मेला को स्थान का पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने का भरपूर प्रयास करूंगा।इस मेले के जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त किया जाएगा।मेला भाईचारा एवं आपसी संबंध बनाता है लोगों को मिलजुल कर मेला लगावे एवं सहयोग करें। पूर्व मेला सचिव नरेश मिश्र पूर्व मुखिया हेम नारायण मंडल, वर्तमान मुखिया, मोहम्मद नसरुद्दीन सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र मंडल ,जदयू अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष संजय मंडल, लखन चौधरी, शंभू शरण चौधरी, सीताराम पासवान, नवल किशोर चौधरी, दिलीप मंडल, पवन कुमार गोस्वामी, संजीव कुमार गोस्वामी, पूर्व सरपंच ब्रह्मदेव ठाकुर, लाल बहादुर मेहता, सत्यनारायण मंडल, गुड्डू मंडल बासुदेव मंडल, अनिरुद्ध मंडल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे, धन्यवाद ज्ञापन अयोध्या प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। मंच संचालन सचिव सुनील कुमार के द्वारा किया गया। 17 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुपौल यात्रा को लेकर कार्यक्रम में व्यस्त रहने के कारण अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी नहीं पहुंच सके।

# क्वाटर चौक पर लुटपाट घटना की जाँच करने पहुँचे एसडीपीओ

**सोनू आलम/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत ललितग्राम ओपी क्षेत्र के क्वाटर चौक के समीप एन.एच 57 पर स्वर्ण बव्यासी के साथ गोली मारकर हुई लुटपाट की घटना को लेकर शुक्रवार को त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर जांच किया। ईस दौरान एसडीपीओ ने घटना के संबंध में उक्त लोगो से भी घटना का जानकारी लिया।वही एसडीपीओ ने घटनास्थल सहित उनके दुकान का भी जाँच पड़ताल किया।पीड़ित के बाइक का भी गहनता से जाँच किया। वही उन्होंने स्वर्ण बव्यासी हरी नारायण स्वर्णकार से भी पूरी जानकारी प्राप्त किया।ईधर एसडीपीओ विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधियों का उद्भेदन कर लिया जाएगा। इस दौरान भीमपुर थाना अध्यक्ष रमाशंकर कुमार,ओपी अध्यक्ष किशोरी प्रसाद भी दलबल के साथ मौजूद रहे।।बताते चले कि क्वार्टर चौक पर ज्वेलरी की दुकान चला रहे मधुबनी वार्ड 04 निवासी जयप्रकाश स्वर्णकार अपने पिता हरिनारायण स्वर्णकार के साथ बाइक से घर जा रहा था। इसी क्रम में जहां क्वाटर चौक पर एन.एच 57 पर चढ़ते ही पहले से घात लगाए बाईक सवार तीन अपराधी आभूषण से भरे बैग को छिनने लगे। जिसके बाद जयप्रकाश द्वारा विरोध करने के बाद अपराधियों ने धार धार चाकू से उसके पीठ पर वार कर दिया। उसके बाद भी जब बात नहीं बनी तो अपराधियों उसके पैर में गोली मार जख्मी कर दिया और लगभग 4 लाख के आभूषण लूट कर फरार हो गया

# क़्वार्टर चौक पर हुआ फाइबर ब्लॉक फैक्ट्री का उद्धघाटन

**सोनू आलम/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के मधुबनी पंचायत के डोररा वार्ड 04 में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू ने मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजनांतर्गत वित्त प्रदत के तहत अब्बू सुफियान इंटरप्राइजेज फाइबर ब्लॉक फैक्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान पंचायत के मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबू समेत गौरी भगत, प्रभात मिश्र औऱ बैजनाथ भगत समेत आसपास के सैकड़ों ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर पंचायत के मुखिया सीतानंद झा ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की शुरूआत लोगों के लिए वरदान साबित होगा। जिसके तहत आसपास के क्षत्र के लोगों को रोजगार के साथ साथ अन्य सुविधा मिलेगी। इसके लिए इस फैक्ट्री को शुरूआत करने के लिए फैक्ट्री के प्रोपराइटर मो परवेज धन्यवाद के पात्र है। फाइबर ब्लॉक फैक्ट्री के खुलने से लोगों को इससे जुड़े समान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और समय की भी बचत होगी। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नीरज कुमार बबलू ने बताया कि इस नई शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बहुत



बड़े पैमाने पर रोजगार मुहैया होगा। जिससे लोगों को बाहर के बदले घर में ही रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री के द्वारा आत्मनिर्भर योजना चलाया गया है। जिसमें हर वर्ग के लोगों के लिए रोजगार का बढ़ावा दिया जाता है। जिसके तहत लोगों को हमेशा रोजगार मुहैया करने के लिए प्रेरित किया जाता है। जिसके तहत लोगों रोजगार का अवसर मिलता है। उनका कहना था कि इसके लिए लोगों को आगे बढ़ना होगा। जिसमें हर तरफ से उस व्यक्ति को मदद की जाएगी, चाहे बैंक की ओर से लोन की व्यवस्था हो या अन्य जरूरत की चीजों में हर संभव मदद किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पिछले दिनों हुए क़्वार्टर चौक पर हुए गोलीकांड का भी जिक्र किया।

जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना दुःखद है। इस घटना से साफ जाहिर होता है कि अपराध पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह विफल है। जहां हर तरफ चोरी, लूट, ब्लात्कार जैसे घटना हो रही है। जिसका उदभेदन करने में पुलिस प्रशासन भी नाकाम है। मौके पर मो शाहबुद्दीन, परवेज आलम, विष्णुदेव शर्मा, मो शमशाद उर्फ मुन्ना समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# करोड़ो से बने लागत के सोलर प्लांट से कोसी तटबंध के लोग रहते बंचित

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर प्रखंड में एक तरफ सरकार जहां राज्य को रोशन करने के लिए पहले तो हर घर बिजली उपलब्ध कराई वही अब किसानों के हित के लिए हर क्षेत्र तक बिजली पहुंचाने के लिए प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर जहां बिजली उपलब्ध नहीं हो सकता है उन जगहों को रोशन करने के लिए सोलर प्लांट लगाकर लोगों को विभिन्न प्रकार के सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर रही है लेकिन प्रखंड स्तरीय अधिकारी व अन्य कर्मियों के लापरवाही के कारण कोशी तटबंध के अंदर करोड़ों की लागत से बने सोलर प्लांट से लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रहा है जिस वजह से तटबंध के अंदर बसे लोग सरकार के करोड़ों खर्च के बावजूद भी अंधेरे में रहने को विवश है जहां मौजहा पंचायत के वार्ड 8 में स्थित 2 वर्ष पहले लाखों की लागत से बनाए गए सोलर प्लांट 6 माह पहले बंद पड़ा था। जिसके बाद ग्रामीणों की शिकायत के बाद मरम्मत कराया गया। लेकिन लोगों की समस्या जस का तस बना हुआ है। फिर दो माह पुर्व से खराब है जिसे देखने वाले कोई नही है।हैरत की बात यह है कि लगभग 2 माह से शाम 8 बजते ही रोशनी गुम हो जाती हैं। जिसका शिकायत ग्रामीण के द्वारा कई बार किया गया है।लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहा है जिसका नतीजा है कि सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद भी लोग सुविधा से वंचित है । ग्रामीण संतोष कुमार यादव,पप्पू कुमार यादव, रमेश यादव, जागेश्वर साह, मंजेश यादव, शिव कुमार, देवेन यादव ,लखन यादव, बसंत यादव, उमेश मुखिया, रंजीत यादव, गंगाराम यादव, परमेश्वर यादव, शंभू यादव, कुशेश्वर यादव ,बच्चू यादव, रामचंद्र यादव, राम यादव आदि ने बताया कि सोलर प्लांट 2 साल पहले सरकार के द्वारा नदी के बीच में बसे लगभग दो सो परिवार के लोग जो बिजली से वंचित थे। उन लोगों के लिए यह सोलर प्लांट लगने के बाद बिजली की सुविधा मिली। 6 माह से सोलर प्लांट खराब रहने की शिकायत विभाग से कई बार करने के बाद उसकी मरम्मत कार्य दो माह पुर्व हुआ। लेकिन 2 माह से फिर सोलर प्लांट खराब है जो शोभा की वस्तु बनी हुई है। जबकि इसकी चालू कराने के लिए विभाग को कई बार आवेदन देकर इसकी दुरुस्त कराने की गुहार लगाई गई है । फिर भी इस दिशा में ना तो स्थानीय प्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं । और न इसको लेकर कई बार विभाग विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करा चुके हैं । लेकिन समस्या जस का तस बनी हुई है। लोगों ने बताया कि खासकर रात में बच्चों की पढ़ाई में भारी कठिनाई होती हैं। उधर सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार ने बताया कि सोलर मे कुछ बैटरी खराब होने के कारण परेशानी आ रही है और विद्युत सप्लायर में तकनीकी खराबी होने के कारण समस्या बनी हुई है जिसे जल्द मरम्मत कार्य किया जाएगा। उसे विभागीय इंजीनियर को बुलाकर उसका मरम्मत कर पुनः चालू कर दिया जाएगा जहां लोगों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि बार-बार लाइट खराब होने की नौबत तब होती है जब कोई कंजूमर के दरवाजे पर लगे सोलर लाइट की क्षमता से अधिक बल्ब, मोटर , हीटर जरूरत से ज्यादा चलाते हैं ।

# छातापुर बिधायक ने मधुबनी में किया अबू सूफियान इंटरप्राइजेज' नामक प्रतिष्ठान का विधिवत शुभारम्भ

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर विधानसभा क्षेत्र के मधुबनी पंचायत निवासी युवा उद्यमी मो. परवेज आलम के 'अबू सूफियान इंटरप्राइजेज' नामक प्रतिष्ठान के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिष्ठान का बिधायक नीरज कुमार सिंह बबलू ने शुभ उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर बिधायक श्री बबलू ने नए प्रतिष्ठान के संचालक को नए प्रतिष्ठान खोलने के निमित बधाई दी। इसके साथ ही कहा कि व्यवसाय में निरंतर उन्नति हो, इसके लिए उनकी अनंत शुभकामनाएं है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राहकों को भी सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान में ग्राहकों को बिभिन्न तरह की सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा हितैषी पहलों के माध्यम से आज देश के युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम हो रहा है।



सभी इसके तहत स्वालम्बी बनने को लेकर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि मैं प्रत्येक युवाओं से आह्वान करता हूँ की प्रधानमंत्री जी के रोजगार सृजन वाली मुहिम से जुड़कर वे रोजगार के अवसरों का सृजन कर अन्य युवाओं को भी रोजगार देने में सक्षम बने। उन्होंने बताया कि कोसी एवं बिहार के युवाओं को जब भी हमारी आवश्यकता हो, मैं युवाओं की उन्नति के लिए सदैव साथ देने हेतु कृतसंल्पित बना हु। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय जन व पार्टी कार्यकर्ता थे।

# सरिया लदा ट्रैक्टर लूटकांड मामले में हासीम गिरफ्तार

**मुबारक हुसैन दैनिक शुभ भास्कर**

अररिया : अररिया नगर थाना के अंतर्गत हथियार का भय दिखाकर मारपीट करते हुए व्यवसायी से ट्रैक्टर और उस पर लदे सरिया लूटकांड मामले में पुलिस ने बैरगाछी वार्ड संख्या चार हलवाई टोला के रहने वाले हासीम आलम को गिरफ्तार किया है। रेडियस डीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में नगर थाना अध्यक्ष शिवशरण शाह और बैरगाछी ओपी अध्यक्ष मनीष कुमार ने यह कामयाबी हासिल की।व्यवसायी से हुए मारपीट और लूटकांड मामले को लेकर अररिया नगर थाना में दर्ज कांड संख्या-816/22 दिनांक-22.09.2022 भादवि की धारा 395,397 के तहत दर्ज किया गया था। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में मामले के उद्भेदन को लेकर गठित टीम के द्वारा तत्काल ही



कार्रवाई करते हुए घटना में लूटी गई ट्रैक्टर एवं सरिया को बरामद किया गया था।हासीम आलम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी,जिसे गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया गया।मामले की जानकारी सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने दी।

# प्रतिमा स्थापित कर पौषि पूर्णिमा पर लगा मेला

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत झखारगढ़, बलुआ, लक्ष्मीनियां, मधुबनी भीमपुर और चैनपुर आदि पंचायतो में पूसी पूर्णिमो अवसर पर कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेलो का आयोजन किया गया है। आस्था के इस पर्व को लेकर श्रद्धालु नर नारियों ने स्नान दान किया। वही दही चूड़ा का भी लुप्त उठाया। कहां जाता है कि 27 नक्षत्रों में पूसी पूर्णिमो को माघ नक्षत्र के नाम से जाना जाता है। इस तिथि का धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से खास महत्व है। ब्रह्मवर्त पुराण के अनुसार पूसी पूर्णिमो पर स्वयं भगवान विष्णु गंगा में निवास करते है। इस दिन गंगा स्नान करने पर पुण्य कर्मों मेंबढ़ोतरी होती है। एसी मान्यता है कि पूसी पूर्णिमो पर दान, जप और स्नान करने से सांसारिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही सनातन धर्म में पूसी पूर्णिमो स्नान को सबसे उत्तम बताया गया है। पौषि पूर्णिमो के



अवसर पर बलुआ के 54 आरडी के तट तथा शिवनी घाट आदि स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर मेले का आयोजन भी किया गया। मेले में महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। लोग पूजा के बाद यहां जलेबी का जमकर लुत्फ उठाते देखे गये। बच्चों ने मेले में खिलौने की खरीदारी की। बताया गया कि यहां पौषि पूर्णिमो पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। बिभिन्न स्थानों पर लगे मेले तथा पूजा अर्चना से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

# पुलिस द्वारा एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर,सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के बेलही गांव में बुधवार देर रात्रि एक शराबी शराब पीकर गाली गलौज कर मारपीट कर रहा था । इसी दौरान पुलिस ने उसके पकड़ने के लिए गया तो पुलिस के वाहन पर भी ईट पत्थर से हमला कर दिया जहां वाहन का कांच टूट कर बिखर गया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शिवपुरी पंचायत के वार्ड 5 निवासी चंदन स्वर्णकार गुरुवार की देर शाम शराब के नशे में कृष्णमाला देवी के साथ गाली गलौज कर रहा था। जहां मौके पर गई पुलिस वाहन की गाड़ी पर ईट पत्थर फेंकने लगा जहां वहान का कांच टूट कर बिखर गया। पुलिस प्रशासन बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि चंदन स्वर्णकार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई जहां शराबी को जेल भेज दिया गया है।

# भारत से नेपाल ले जा रहे खाद, 05 साइकल तथा 01 मोटरसाइकल के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल।**

जिले में वीरपुर अनुमंडल के एस.एस. बी. 45 बटालियन की सीमा चौकी निओर ने विशेष गश्त ड्यूटि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे 12 बोरी खाद, 05 साइकल तथा 01 मोटरसाइकल के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार ।

जानकारी देते हुए 45 वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 229/11 के पास से कुछ लोग अवैध समान लेकर नेपाल जाने वाले हैं । सूचना की पुष्टि करने के उपरांत एक विशिष्ट गश्त दल का गठन किया गया । उ.नि. सरस्वती कुमार के नेतृत्व में, स. उ. नि. यशपाल खजुरिया तथा अन्य 04 का गश्त दल निर्धारित मार्ग पर पहुँचे । कुछ समय उपरांत गश्त दल को भारतीय प्रभाग से कुछ लोग साइकल पर समान लेकर नेपाल की तरफ जाते दिखे गश्त दल के द्वारा रोके जाने के फलस्वरूप 05 व्यक्ति अपनी साइकल तथा समान छोडकर गाँव की तरफ भाग गए जबकि 01 व्यक्ति जो मोटरसाइकल पर था उसको गश्त दल द्वारा पकड़ लिया गया । पकड़े



गए व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में उसने अपनी पहचान सुरेंद्र प्रसाद मंडल, उम्र-42 वर्ष, पिता- छत्तर लाल मंडल, ग्राम- छिन्नमस्ता, सकरी, सप्तरी नेपाल के रूप में बताई । इसके उपरांत साइकल तथा मोटर साइकल पर रखे गए सामान को देखने पर पाया गया कि सभी साईकल तथा मोटरसाईकल पर अलग-अलग प्रकार के खाद कि बोरिया रखी गयी थी जिनमें ऊअढ खाद-04 बोरी तथा यूरिया खाद-08 बोरी कुल 12 बोरी खाद थी । जब्ती संबंधी कागजी कार्यवाही पूरी करने के पश्चात जब्त की गयी 12 बोरी खाद, 05 साइकल तथा 01 मोटरसाइकल के साथ पकड़े गये व्यक्ति को सीमा शुल्क विभाग कुनौली सुपौल के सुपुर्द किया गया ।

# नेपाल से भारत लाये जा रहे 102 बोतल नेपाली शराब तथा मोटरसाईकल को किया जब्त

**अभिषेक आनन्द / दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।**



जिले में वीरपुर अनुमंडल के एस.एस. बी. 45 बटालियन की सीमा चौकी बनालीपट्टी के नाका दल ने नेपाल भारत अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध रूप से नेपाल से भारत लाये जा रहे 102 बोतल नेपाली शराब तथा मोटरसाइकल को किया जब्त । जानकारी देते हुए 45 वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 201 के पास से अवैध सामान की बड़ी खेप लायी जाने वाली है, सूचना की विश्वसनीयता देखते हुये नाका दल नियुक्त कर निर्धारित स्थान पर नाका लगाने का निर्देश दिया गया । स. उप निरीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में, मुख्य आरक्षी दुर्ग सिंह तथा अन्य 02 का नाका दल निर्धारित स्थान पर नाका पार्टी मुस्तैदी के साथ इलाके की निगरानी करने लगा । कुछ समय उपरांत नाका दल को नेपाल प्रभाग से एक व्यक्ति मोटरसाइकल पर आता दिखा, मोटरसाईकल की रोशनी में नाका दल को देखते ही व्यक्ति घबरा गया, तथा मोटरसाइकिल छोड़कर नेपाल की तरफ भागा नाका दल के द्वारा उसका पीछा किया गया परंतु वह नेपाल प्रभाग मे प्रवेश कर गया इसके उपरांत नाका दल के द्वारा मोटरसाइकल की तलाशी ली गयी तलाशी के क्रम में नाका दल को मोटरसाईकल पर पीछे बंधी एक छोटी सी बोरी में नेपाली शराब उमँगा - 42 बोतल ( 300 टछ प्रत्येक ) तथा लेमन -60 बोतल ( 300 टछ प्रत्येक ) कुल 102 बोतल नेपाली शराब मिली जब्त शराब एवं मोटरसाइकल को थाना-बीरपुर सुपौल के सुपुर्द किया गया ।

# ग्रामीणों के शिकायत को ले बीडीओ ने पोलेट्री फार्म का लिया जायजा

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र स्थित चैनपुर में बने पोलेट्री फार्म का छातापुर बीडीओ रितेष कुमार सिंह ने शुक्रवार को जाँच पड़ताल किया। मालूम हो कि पोलेट्री फार्म से निकलने वाली दुर्गंध को लेकर 03 जनवरी 2023 को स्व० ललित नारायण मिश्रा के राजकीय बलिदान दिवस के मौके पर आसपास के सेकड़ो ग्रामीणों ने रानीपट्टी नहर के समीप स्टेट हाइवे को जामकर सम्बंधित विभाग के जमकर बवाल काटा था।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि पोलेट्री फार्म से निकलने वाली दुर्गंध से आसपास के लोगों का जीना दुश्वार बन चुका है।वहीँ उससे निकलने वाली मखियो का प्रकोप भी इतना ज्यादा बढ़ गया कि घर के हर समान पर आकर बैठ



जाता है। वहीँ कुछ ग्रामीणों का ये भी कहना था कि मखियों का प्रकोप इस तरह व्याप्त है कि लोगों के खाने पीने की सामग्रियों पर आकर बैठ जाता है जिससे बीमारियों के फैलने का डर है।जबकि सरकार आज लोगो को कॅरोना जैसे गंभीर बीमारी से बचा रही औऱ लोगो सरकार जागरूक भी कर रही है।लेकिन अब सवाल है कि इतना बड़ा समस्या आमजनों के बीच है औऱ ग्रामीणों को इस निजात नही मिल रही है।जबकी वहीँ संबंधित विभाग अब भी उदासीन बनी हुई है।हालाँकि इस बाबत ग्रामीणों के द्वारा इसकी लिखित शिकायत भी बराबर अधिकारियों के पास भी की जा चुकी है।मौके पर ठूठी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय,पूर्व मुखिया क्रांति झा,रमैया झा,कृष्णा झा,जोगेंद्र मेहता, जागो मेहता,मुन्ना झा,संतोष झा,नंद कुमार मेहता के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद थे। इस संदर्भ में छातापुर बीडीओ रितेष कुमार सिंह ने बताया की ग्रामीणों का शिकायत था कि पोलेट्री फार्म से काफी ज्यादा गंध आती है।जिसको लेकर हमलोग जांच किया है।बताया कि जाँच रिपोर्ट पशुपालन विभाग को भेजा जाएगा और जो भी सरकार की मार्गदर्शन होगी उनके अनुरूप कार्यवाई की जाएगी।

# हम पैसा वाला पार्टी नहीं है और पैसा दे कर उन्हें वोट लेना नहीं आता : गोपाल मंडल

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुर :** जिले के नवगछिया स्थित कचहरी परिसर में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह गोपालपुर विधानसभा के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने भागलपुर निकाय चुनाव में उनकी पत्नी सविता देवी के हार के कारणों को बताते हुए कहा कि चुनाव जीतने वाली डॉ० वसुंधरा लाल ने चुनाव में पांच करोड़ रुपये खर्च किये और उनसे भी ज्यादा सीमा साह ने छः से सात करोड़ रुपया खर्चा किया। श्री मंडल ने कहा कि हमलोग पैसे वाली पार्टी या नेता नहीं हैं और फिर पैसा दे कर उन्होंने वोट लेना नहीं सीखा है। उन्हौंने कहा कि आज तक वे जनता जनार्दन से वोट मांगते आए हैं,खरीदते तो खरीदगार लोग हैं। श्री मंडल ने हार के अन्य कारणों को बताते हुए कहा कि सभी प्रत्याशी काफी पहले से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वे एकाएक इस चुनावी मैदान में आये,यह भी एक कारण है। उन्होंने पटना में हुए छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले पर कहा कि छात्रों को शांत करने के लिये इस तरह की कार्रवाई अक्सर की जाती रही है। मनमाने तरीके से चल रहा है ओवर ब्रीज का निर्माण कार्यः श्री मंडल ने इस मौके पर नवगछिया के पूर्वी केबिन पर बन रहे ओवर ब्रीज का निर्माण मनमाने ढंग से किये जाने की बात कही और बताया कि विभाग के अभियंता कार्य स्थल से अनुपस्थित रहते हैं। रात में काम होता है। ऐसे में मानक के अनुसार काम नहीं हो रहा है,लेकिन यह सब अब महज इसलिए नहीं चलेगा कि उनकी नजर यहां हो रहे



गड़बड़ी पर पड़ चुकी है। उन्होंने इस मामले में सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे ही काम लाते हैं,इसलिये घटिया काम किसी भी सूरत में नहीं होन देंगे। आपत्तिजनक बयान देने वालों पर होगी कार्रवाई : नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध दिए गए आपत्तिजनक बयान की श्री मंडल ने निंदा करते हुए कहा कि इस तरह के बयानों से जिम्मेदार नेताओं को सदैव बचना चाहिये। इस तरह का बयान देने वाले नेताओं पर पार्टी स्तर से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों से महागठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि समाधान यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नवगछिया भी आएंगे।शराबबंदी से हो रही मौत पर श्री मंडल ने कहा कि बिहार में शराब बंद है। लेकिन जो भी लोग चोरी छिपे शराब पीते हैं, किसी तरह की घटना के लिये जो ऐसा करते हैं वे ही जिम्मेदार होंगे। किसी भी सूरत में उन्हें शराब नहीं पीना चाहिये। सत्संग में शामिल होंगे 15 से 20 लाख लोग : नवगछिया में होने वाले तीन दिवसीय संत मत सत्संग के वार्षिक अधिवेशन को लेकर उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 15 से 20 लाख लोगों के शिरकत करने की संभावना है। श्री मंडल ने कहा कि तीन दिनों तक सभी श्रद्धालुओं के रहने, खाने और ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने विधि व्यवस्था और अन्य तैयारियों को लेकर एसडीओ उत्तम कुमार से बात चीत की है. 600 चलंत शैचालय सहित 1500 शौचालय की व्यवस्था करने को कहा गया है। विधि व्यवस्था ठीक रहे,इस पर पदाधिकारियों को ध्यान रखने को कहा गया है। वहीं विधायक गोपाल मंडल द्वारा लगाए आरोप के संबंध में नव निर्वाचित महपौर डॉ० बसुंधरा लाल ने कहा कि उन्होंने खर्च चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार किया है और वह इसका हिसाब भी दे चुकी हैं.

# 1800 जावा महुआ सहित 6 लीटर देशी शराब को मद्ध निषेध पुलिस ने किया नष्ट

पालीगंज/ दुल्हिन बाजार/ थाना क्षेत्र के ऐनखां गांव में छापेमारी कर मद्ध निषेध पुलिस ने शुक्रवार को 1800 जावा महुआ सहित 6 लीटर देशी शराब को नष्ट कर दिया। वही पालीगंज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 19 शराबियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार मद्ध निषेध पुलिस ने शुक्रवार को दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के ऐनखां गांव में देशी शराब निर्माण किये जाने की गुप्त सूचना पाकर मद्ध निषेध बिभाग के पालीगंज थानाध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी किया। जिसके दौरान पुलिस ने ड्रोन की सहायता से शराब निर्माण करनेवाली दर्जनों भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। वही छापेमारी के दौरान 1800 जावा महुआ सहित 6 लीटर देशी शराब भी नष्ट कर दिया। वही मद्ध निषेध पुलिस ने पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में महा अभियान चलाकर धारा 30 के अंतर्गत 11 व्यक्तियों को एवं धारा 37 के तहत 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह अभियान मद्ध निषेध बिभाग के पालीगंज थानाध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने चलाया। टीम में मद्य निषेध निरीक्षक निर्मल कुमार, टुनटुन पासवान, सहायक अवर निरीक्षक मंटू कुमार, आनंद कुमार मौजूद था। यह अभियान पालीगंज क्षेत्र के शिवगढ़, आजाद नगर, बाली पाकर, पालीगंज मुसहरी, ब्रह्मपुरा चेक पोस्ट व निरखपुर में चलाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए पालीगंज मद्ध निषेध बिभाग के सुपरिटेंडेंट अभय मिश्रा ने बताया कि अभी भी छापेमारी जारी है।



# युवा महोत्सव पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम




**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक जामताड़ा कॉलेज, जामताड़ा के द्वारा युवा महोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया' जिसमें जामताड़ा जिला के नाला, कुंडहित, मिहिजाम, जामताड़ा महिला कॉलेज, जामताड़ा कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग,भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही आगामी 7 जनवरी को स्पोर्ट्स क्विज का आयोजन कॉलेज परिसर में किया जाएगा। निर्णायक मंडली में प्रोफेसर नीलम कुजूर, डॉ रिजवान, डॉ अनमोल, प्रो कौशल, प्रो महादेव चंद्र यादव , डॉ एसएन बंदोपाध्याय एवं सारे कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो अजय राज खलखो की अध्यक्षता में की गई' इन सभी कार्यक्रमों का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ काकुली के द्वारा किया गया।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पिपरा का शुभारंभ

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पीपरा, सुपौल**

जिले के पीपरा प्रखंड अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज टू के तहत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ आज पिपरा में विधिवत रूप से किया गया। पिपरा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित इस यूनिट का आज विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी, जिला समन्वयक सोनम कुमारी, बीडीओ राजकुमार चौधरी सहित,पंचायती राज पधाधिकारी मणिकांत कुमार,मनरेगा पधाधिकारी प्रशांत कुमार ,प्रखंड समयवक एलएसबी मनोज कुमार ,प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी मंजुला सस्वत,अन्य मौजूद रहे। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग



के कर्मी मौजूद रहे। बतादें कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हो जाने से वेस्टेज कचरा संग्रहण केंद्र में जमा कचरे को एकत्रित करके इस यूनिट के सहारे उसे रिसाइकल किया जाएगा। जिससे एक तरफ जहां पर्यावरण को फायदा होगा वही आम जगहों पर फैले कचरों से लोगों को मुक्ति मिलेगी।

# वैवाहिक जोड़ों को निबंधन कराना होगा अनिवार्य

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा।**

जन्म एवं मृत्यु निबंधन कराना जरूरी है वैसे ही अब विवाहित जोड़ों को भी झारखंड अनिवार्य विवाह निबंधन अधिनियम 2017 के तहत अपने विवाह का निबंधन कराना जरूरी होगा। मुगालते में ना रहे की इस अधिनियम के तहत सिर्फ नवविवाहित जोड़ों को निबंधन कराना है बल्कि झारखंड परिसीमन में रहने वाले सभी नागरिकों को अपने विवाह का निबंधन कराना अनिवार्य होगा। झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड अनिवार्य विवाह निबंधन अधिनियम 2017 लागू किया गया है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को अपना विवाह निबंधन कराने के लिए पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव को प्रपत्र देना है तो शहरी क्षेत्र में नगर पंचायत अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु का निबंधन करने वाले पदाधिकारियों से संपर्क करना है। उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम ने प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यशाला में दिया। वही मौके पर प्रशिक्षक बिरजू राम भी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी जाहिर आलम ने कहा कि झारखंड अनिवार्य विवाह निबंधन अधिनियम के तहत अपने विवाह के 1 वर्ष के अंदर विवाह को निबंधन करा लेना है। झारखंड में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य है चाहे वे पूर्व में ही विवाह के बंधन में बंध चुके हो।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगो को किया जा रहा है जागरूक

मंडरो। साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत सभी चौक चौराहों एवं गांवों में नुक्कड़ नाटक के जरिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बताया जाता है कि श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का प्रचार रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जिस वाहन के जरिए गांव-गांव चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए कौशल विकास से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने बेरोजगार युवा युवतियों को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। प्रचार प्रसार के दौरान बताया गया कि साहिबगंज जिले में कुल चार प्रशिक्षण केंद्र है जहां बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को ट्रेनिंग दिया जाता है। जिसका उम्र सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होना अनिवार्य है सभी तरह की खर्च सरकार वहन करती है।

# विभागीय जेई ने सरकारी कुआं को बना दिया शौचालय का टंकी

मंडरो। साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत बच्चा पंचायत के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सिरसा में स्कूली बच्चे का उपयोग के लिए बनाया गया सामुदायिक शौचालय में बड़ी लापरवाही बरती गई है। बताया जाता है कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर एवं राशि की बंदरबांट करने के उद्देश्य से पूर्व से निर्मित लाखों रुपए का सरकारी कुए को बर्बाद कर शौचालय का टंकी उसी कुए को बना दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय बनने से पूर्व कुए का पानी आसपास के लोग उपयोग करते थे। जेई की मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबांट करने के कारण सरकारी कुए को ही शौचालय का टंकी बनाकर पैसे का निकासी कर लिया गया है। हालांकि यह जांच का मामला है निष्पक्ष जांच होने से इस तरह की लापरवाही करने वाले विभागीय जेई एवं कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई तय है। लेकिन ग्रामीणों में चर्चा है कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की वजह कमीशन खोरी के कारण संलिप्त दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं होगी।

# पत्थरगटा मुखिया और सचिव के मिलीभगत से सरकार को लगा रहे हैं लाखों का चूना- ग्रामीण

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़/पाकुड़ जिला के नसीपुर गांव के वार्ड सदस्यों ने मुखिया एवं सचिव के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि है कि बिना वार्ड सदस्य के सहमति से 15 वे वित्त आयोग का राशि मनमानी तरीके से नई योजनाओं को चयन करके उन योजनाओं पर राशि खर्च किया जा रहा है, जो जीपीडीपी योजनाओं के तहत ए ग्राम स्वराज पोर्टल एंट्री भी नहीं है, एवं झारखंड सरकार के पंचायती राज अधिनियम का नियम उल्लंघन करके मनमानी तरीके से नई योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है, एवं वार्ड सदस्य की सर्वसम्मति नहीं लिया जाता है। एवं पंचायत सचिव द्वारा हम सभी वार्ड सदस्यों को यह बताया गया कि 15 वे वित्त आयोग का राशि खर्चा करने में वार्ड सदस्य का कोई भूमिका नहीं है। जिसके बाद हम सभी वार्ड सदस्यों ने मिलकर दिनांक 02.12.2022 को इसकी लिखित जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़ को ज्ञापन सौंपा था जिसकी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है,

# मंत्री आलमगीर आलम को बुके देकर किया सम्मानित

पाकुड़/पाकुड़ में 05.01.2023 को बिधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में नवदा पंचायत के पूर्व मुखिया कांग्रेस नेता कबीबुर रहमान व युवा कांग्रेस के महासचिव रजिकुल आलम के साथ 300से अधिक कार्यकताओं ने कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता कबीबुर रहमान ने कहा कि मेरा रग-रग में कांग्रेस है,अपने जीवन के शुरूआती दिनों से मैं कांग्रेस के लिए काम किया हु मुझे पद की कोई लालच नही हमेशा सिर्फ अपने नेता आलमगीर आलम के लिए कार्य करता हूं जीवन के अंत तक कांग्रेस के लिए हि करूँगा आज जहाँ लोग पद के लिए लालायित है, वही मैं सिर्फ कांग्रेस में सेवा करने में विश्वास रखता हूँ ।

# रेबिका मालतो के हत्यारे को फांसी देने की मांग को लेकर चक्का जाम किया गया

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा रेबिका मालतो के हत्यारे को खुलेआम चौराहे पर फांसी देने की मांग को लेकर हिल एसेम्बली के द्वारा शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा बाजार को बंद रखा व चक्का जाम किया। बाजार बंद दस बजे से अपराह्न दो बजे तक रहा।आंदोलन का नेतृत्व हिलेसेम्बली के महासचिव सह आदिम जन जाति के नेता शिवचरण मालतो ने किया।सड़क जाम समापन के पश्चात तिलकामांझी चोक पर ही चार सूत्री मांग पत्र शिवचरण मालतो व जिप सदस्य वेसागी पहाड़िन ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार को सोंपा तथा डीजीपी का पत्र थाना प्रभारी सन्तोष कुमार को सोंपा।रेबिका मालतो हत्याकांड के मुख्य आरोपी दिलदार अंसारी को जल्द फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल चलाकर खुले चौराहे पर फांसी देने की मांग को लेकर शुक्रवार प्रातः से ही बड़ी संख्या में आदिम जन जाति के महिला व पुरुष लिट्टीपाड़ा पहुँचकर तिलकामांझी चौक पर लम्बी कतार में बड़ी संख्या में लोग हाथ मे तकती लेकर दिलदार को फांसी दो फांसी दो नारे लगाते रहे। उमड़ी जन सैलाव को सम्बोधित करते हुए शिवचरण मालतो ने कहा पहाड़िया समुदाय के माँ व बहनो तथा बहु बेटियो को दिन दहाड़े इज्जत लूट कर हत्या कर टुकड़ा टुकड़ा कर दिया गया और सरकार चुपचाप देख रही है। अभी तक हत्या में साथ देने वाले अन्य आरोपियों को पुलिस ग्रिफ्तार नहीं किया है।उन्होंने कहा जितनी भी निंदा किया जाय इस हत्या का कम है और डिक्शनरी में निंदा करने के शब्द नही है। जब तक हत्यारे को फांसी नही दी जाएगी तबतक पहाड़िया समुदाय सरकार के खिलाप आंदोलन जारी रखेगा। पीड़ित परिवार के किसी एक सदस्य को नोकरी दे और 50 लाख मुआवजा राशि दे। उन्होंने कहा हम पहाड़िया समुदाय को सरकार कमजोर समझ रही है। इसलिए हमें जागना होगा और सचेत रहना है। जब तक सरकार रेबिका हत्याकांड के सभी अपराधियों को सजा नहीं देती तब तक हम आंदोलन जारी रखेंगे।बीडीओ ने कहा रेबिका हम सब की बेटी थी जिसकी हत्या जघन्य तरीके से की गई है। हत्यारे व हत्या में शामिल अपराधियों को न्यायलय सजा देगी। हमे न्ययालय पर पूरा भरोसा है। मैं आप लोगों के मांग पत्र को महामहिम राष्ट्रपति महोदया तक भेजवा देंगे। वही थाना प्रभारी ने कहा समाज सजग व सचेत रहेगा तो क्षेत्र में कोई आपराधिक घटना नही होगी। समाज के लोग सजग रहे और गाँव समाज मे बाहर से आने वाले लोगो पर नजर रखे। नए चेहरे को देखते ही पुलिस को जानकारी दे।आंदोलन को जीप सदस्य वेसागी पहाड़िन , भाजपा नेता साहेब हांसदा, रामा पहाड़िया, डेविट मालतो, निजरी पहाड़िया समेत दर्जनों नेता ने सम्बोधित किया। चार घंटे सड़क जाम तीनों तरफ गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई सड़क जाम होने से साहेबगंज गोबिंदपुर एक्सप्रेस हाइवे, लिट्टीपाड़ा पाकुड मुख्य सड़क पर यात्री वाहन व माल वाहक वाहन की लम्बी कतार लग गयी थी। यात्रीयो को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।मौके पर कैलाश मण्डल, सुनील ठाकुर , राम मण्डल समेत कई संगठन के लोग खुलकर आंदोलन का साथ दिया। जबकि स्थानीय दुकानदार स्वतः दुकान बंद कर दिया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

मंडरो। साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया-मंडरो मुख्य सड़क के बीच तेतरिया पुल के समीप ठाकुरगंगटी थाने की पुलिस ने एंटी क्राइम सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार दोपहर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दर्जनों मोटरसाइकिल का आवश्यक कागजात के साथ-साथ हेलमेट का जांच किया गया जांच कर आवश्यक निर्देश देते हुए सभी मोटरसाइकिल सवार को हेलमेट के साथ सड़क पर चलने की हिदायत दी गई।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

मंडरो। साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार दोपहर बिजली विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार राय के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर 4 लोगों को बिजली ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाते हुए सभी के विरुद्ध मिजाचौकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली उर्जा चोरी करने वालों में उदय कुमार भगत पिता भागवत भगत पता कौड़ी खुटाना एवं अमित ठाकुर पिता राम सुन्दर ठाकुर, बिजय ठाकुर पिता भागरी ठाकुर, श्रवण पासवान पिता गजाधर पासवान सभी धनवासा गांव के रहने वाले हैं।

# जरूरतमंदों की सेवा करना ही मेरा पहला कर्तव्य : विमला देवी

हाजीपुर(वैशाली) जरुरत मंदो की मदद करने से बढ़ के और कुछ भी पुण्य का काम नहीं है।जब ये काम बिना स्वार्थ के हो तो इससे बेहतर मानवता का कोई और उदाहरण हो भी नहीं सकता। कुछ ऐसा ही देखने को मिला दानापुर के 'नारी गुंजन' केंद्र में जहां इनरव्हील क्लब ऑफ आम्रपाली के प्रेसिडेंट विमला सिन्हा व क्लब की अन्य मेंबर के द्वारा जरूरतमंदों के बीच में कंबल का वितरण किया गया।इतना ही नहीं इस केंद्र में बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाता है।

जहां बालिकाओं के बीच में भी जूता मोजा,सेनेटरी नैपकिन, मफलर,व कॉपी पेन का वितरण इनरव्हील क्लब ऑफ आम्रपाली के द्वारा किया गया।आपको बताते चलें की लगभग 100 से ज्यादा लोगों के बीच में कंबल का वितरण व करीब डेढ़ सौ से ज्यादा बालिकाओं के बीच में जूते-मोजे इत्यादि का वितरण किया गया साथ ही यह प्रशिक्षण केंद्र पूरी तरह से अंधकार में डूबा हुआ था।

इसी को देखते हुए सोलर लाइट का इंस्टॉलमेंट भी इस संस्था में कराया गया।'इनरव्हील क्लब आम्रपाली' (फ्रेंडशिप एंड सर्विस) नामक एक क्लब है जो कि लगातार जनता की सेवा को लेकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

वहीं क्लब के प्रेसिडेंट विमला की माने तो " दूसरों को खुशी देना ही अपनी खुशी पाने का आधार है " ऐसा उनका मानना है।अपने इसी सोच पर खरा उतरते हुए विमला सिन्हा ने विगत दिनों पटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो व तीन के मध्य वाटर कूलर का इंस्टॉलमेंट कराया था।साथ ही उनके द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी जगह-जगह कराया जा रहा है, और आगामी दिनों में भी उनके द्वारा कई जरूरतमंदों को लेकर योजनाएं चिन्हित है।इस मौके हमारे संवाददाता ने "नारी गुंजन' संस्था की संचालिका सुधा वर्गीज जी से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विमला सिन्हा व क्लब की ओर से इस प्रकार का सहयोग मिलता है तो देख कर खुशी होती है अभी भी कुछ लोग हैं जो मदद के लिए आगे आते हैं आपको बताते चलें कि सुधा वर्गीज जी अपने कार्य क्षेत्र में पद्मश्री से भी पुरस्कृत है।वहीं इस पूरे कार्यक्रम के दौरान क्लब के प्रेसीडेंट विमला सिन्हा के साथ विभा शर्मा एवं पूनम किशोर व इनरव्हील क्लब ऑफ आम्रपाली की डिस्ट्रिक्ट इ.एस.ओ डॉक्टर रागिनी रानी भी मौजूद रही।

# गोलीबारी कांड को लेकर जिला मुखिया संघ की हुई अहम बैठक




**राजीब मिश्रा/दैनिक सुभ भास्कर,करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिराहा पंचायत में बीते दिनों हुए गोलीबारी कांड को लेकर मुखिया संघ ने हरिराहा के समाजसेवी विकास कुमार यादव उर्फ टुनटुन यादव के निज आवास पर एक आपातकालीन बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला मुखिया संघ के सचिव राजेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि आए दिनों जनप्रतिनिधियों पर हो रहे जानलेवा हमला निंदनीय है। इसके लिए प्रशासन को प्रतिनिधियों के लिए सुरक्षा का प्रबंध करवाना चाहिए। प्रशासन अगर प्रतिनिधि की सुरक्षा नहीं कर सकती है तो ऐसी स्थिति में जनता की क्या सुरक्षा कर पाएगी। मुखिया ने जनप्रतिनिधियों को अविलंब सुरक्षा देने की मांग की। उक्त बैठक में मुखिया प्रकाश कुमार यादव, रामचंद यादव, खातून, दिनेश कुमार मेहता, फनीलाल मंडल, रामानंद यादव, रणधीर यादव, ई. एके निराला, गजेंद्र यादव, ललिता देवी सहित अन्य मुखिया एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# किशनपुर पत्रकार संघ ने निर्मली के घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के बरखास्तगी की रखी मांग

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत निर्मली में बीते दिनों पत्रकार सह विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता के साथ पुलिसिया जुल्म को लेकर शुक्रवार को किशनपुर पत्रकार संघ ने बिहार के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी को पत्र भेजकर घटना में शामिल निर्मली थाना में पदस्थापित पुअनी अंगीशा कुमारी एवं सअनी मुकेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की है।बता दें कि बीते दिनों मामूली बात को लेकर निर्मली में विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पत्रकार रोशन कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पुलिस ने मनगढ़ंत केस दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर वीरपुर जेल भेज दिया था।इसी बीच जेल भेजने के क्रम में रास्ते में ही पुलिस ने उसे कोसी बांध पर गाड़ी से नीचे उतारते हुए बर्बरता पूर्वक पिटाई कर उन्हें जख्मी कर दिया है जिसका



इलाज हायर सेंटर में किया जा रहा है।इससे पूर्व मामले में जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने भी परिजनों के घर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की है । और उन्होंने भी घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है । साथ ही पप्पू यादव ने घटना में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की भी मांग की है । हालांकि मामले में प्रभारी डीएम मुकेश कुमार ने भी घटना को लेकर दोषी पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।पत्रकार यूनियन के द्वारा घटना की जानकारी जल संसाधन विभाग के मंत्री संजय कुमार झा को भी दी गई है।ताकि दोषी पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई हो सके । इस बीच शुक्रवार को ही किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पत्रकार संघ के द्वारा भी घटना की घोर निंदा करते हुए बिहार के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी को पत्र भेजकर घटना में शामिल दोषी पुलिस पदाधिकारियों को बरखास्त करने की मांग की है ।संघ के प्रखंड अध्यक्ष जीवछ प्रसाद ने कहा कि लोगों की रक्षा के लिए तैनात पुलिस पदाधिकारी रक्षक नहीं बल्कि अपराधी बन गए हैं । इन्हें पुलिस में रहने का कोई अधिकार नहीं है।उन्होंने कहा कि दोनों दोषी पुलिस पदाधिकारियों के बर्खास्तगी के साथ - साथ थाना अध्यक्ष के निलम्बन की मांग की है ।कहा जबतक बर्खास्तगी व निलंबन की कार्यवाही नहीं होती है।तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा । इस अवसर पर जीवछ प्रसाद के अलावे लालबहादुर यादव, अजय कुमार, धरमेन्द्र कुमार धीरज, अरबिंद कुमार, सरोज कुमार आदि सामिल थे ।

# दिसोम सोहराब मिलन समारोह फतेहपुर साल बागान टाण्डी में ढारवाक जुमित सांवता की और से आयोजित समारोह मे विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो हुऐ सरिख

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**

फतेहपुरः- फतेहपुर साल बागान मैदान परिसर में दिसोम सोहरय मिलन समारोह का आयोजन ढारवाक जुमित सांवता की और से आयोजित किया गया इस भव्य दिसोम सोहरय मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय नाला विधायक सह झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो उपस्थित हुऐ! मुख्य अतिथि को ढारवाक जुमित सांवता की और से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया! इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय नाला विधायक सह झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष श्री रबिन्द्र नाथ महतो ने सर्व प्रथम भगवान विरसा मुण्डा सिदो कान्हू के तसवीर पर माल्यार्पण कर सरद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किये तथा मंचासीन होकर दिसोम सोहरय मिलन समारोह में अपने संवोधन मे कहा कि आज इस फतेहपुर साल बागान टाण्डी में ढारवाक जुमित सांवता की और से आयोजित दिसोम सोहरय मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया में कमिटी के तमाम सारे सदस्यों को बहुत बहुत अभिनंदन एवं जोहार वयक्त करता हूँ आदिवासी प्रकृति के रक्षक है संथाली सभ्य सास्कृतिक का कोई मोल नही अखंड भारत में संथाल समाज के लोग एकता और अखंडता को अच्छुनन रखने के हित



मे हमेशा अग्रणीय योगदान दिया है भगवान विरसा मुण्डा सिदो कान्हू चांद भेरो,फुलो झानो का त्याग,वलिदान, समर्पन से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन महापुरुषो ने निर्भिक, निडर होकर देश को स्वतंत्र बनाने में योगदान दिया था! संथाल समाज के लोग मिलनसार मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के धनी होते हैं इस भव्य दिसोम सोहरय मिलन समारोह में आज मुझे मुख्य अतिथि के रुप सरिख होने तथा दो शब्द बोलने का मोका दिये इसके लिए आयोजक कमिटी ढारवाक जुमित सांवता को विषेश रुप से धन्यवाद देता हु साथ ही संथाल समाज के तमाम प्रबुद्ध नागरिक गणो, माझी पारगाना, गुड़ेत, प्रधान एवं तमाम साथी को मेरे और से प्रकृतिक परब सोहरय की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं में उम्मीद करता हूँ कि आने वाले साल इस साल बागान प्रांगण मे सोहरय मिलन समारोह और यादगार हो यही कामना करता हूँ इस शुभ अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख अरविंद मुर्मू, वीर सुत्री अध्यक्ष सह जिला सचिव झा मु मो परेष यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक महतो, प्रखण्ड सचिव सह केन्द्रीय कमिटी सदस्य वकिल सोरेन,ढारवाक जुमित सांवता कमिटी के अध्यक्ष शिवधन मरांडी सचिव वकिल सोरेन मंचन संचालन कर्ता सुनील कुमार हेमब्रम नलिन सोरेन, जामजोरी पंचायत के मुखिया प्रमिला टुडु, संजय सोरेन, पुर्व मुखिया खामारबाद पंचायत प्रकाश मारंडी, धनेराज किस्कु, नाइकी नकुल सोरेन, शान्ति गोपाल महतो, बामनडीहा पंचायत के मुखिया संतोष टुडु, प्रधान सुधिर मरांडी, के अलावे काफी तादाद में संथाल समाज के नागरिक गणो एवं आम जनता उपस्थित थे!

# कुंडहित प्रखंड के विकास सिंह ने राज्यस्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जीते कांस्य पदक

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा) :गत दिन राज्य स्तरीय गतका मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जामताड़ा जिले से प्रतिनिधित्व करते हुए कुण्डहित प्रखंड के विकास सिंह कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल हुए हैं।शुक्रवार को विकास के सम्मान में उनके आवास पहुंचे -भाजपा के कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल दास । जानकारी के अनुसार झारखंड गतका एसोसिएशन एवं हजारीबाग जिला गतका एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में गत 11 एवं 12 दिसंबर 2022 को हजारीबाग जिले के बरही में आयोजित द्वितीय झारखंड राज्य गतका मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जामताड़ा जिला के गतका एसोसिएशन के खिलाड़ीयो को दो रजत पदक एवं पांच कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल हुए । इनमें से



कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के विकास सिंह ने भी अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल हुए।शुक्रवार को भाजपा कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल दास ने विकास सिंह के आवास पर पहुंचकर फूल माला , पुष्पगुच्छ के साथ मिठाई खिलाकर विकास एवं उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। साथ-साथ विकास के उज्वल भविष्य की कामना किए एवं सजल दास ने टेलिफोनिक के माध्यम से जामताड़ा जिला गतका एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सह विकास के कोच दीपक दुबे को भी बधाई के साथ उनका आभार प्रकट किए की आप निरंतर जामताड़ा जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को जिस तरह राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं इसके लिए हम सभी आपके साथ हैं है। सजल दास ने बताया कि कुण्डहित जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है यहां के छात्र- छात्रा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# स्कूल के छात्र छात्राओं को नोटबुक वितरण किया गया



**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**

और साथ ही प्रधानमंत्री के प्रयास से डिजिटल स्कूल स्मार्ट क्लास में शुरू किया गया छात्र छात्राओं के द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास में हम सभी का पड़ने को फायदा मिल रहा है शिक्षक नहीं रहने से पर हम सभी को आसानी से पढ़ाई कर सकते हैं प्रधानाध्यापक बासुदेव यादव के द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास सरकार के द्वारा बहुत अच्छा प्रयास है और शिक्षक के कमी रहने से जो छात्र छात्राओं को पढ़ाई नहीं कर पारहे थे ओ स्मार्ट क्लास में असानी से पूरा कर सकते है उपस्थित रहे अध्यक्ष काजी अब्दुल बसीर शिक्षक विजय कुमार उत्तम कुमार गोराई उपस्थित थे

# किशनपुर पत्रकार संघ ने निर्मली के घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के बरखास्तगी की रखी मांग

**किशनपुर (सुपौल) लालबहादुर यादव –** निर्मली में बीते दिनों पत्रकार सह विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता के साथ पुलिसिया जुल्म को लेकर शुक्रवार को किशनपुर पत्रकार संघ ने बिहार के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी को पत्र भेजकर घटना में शामिल निर्मली थाना में पदस्थापित पुअनी अंगीशा कुमारी एवं सअनी मुकेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की है । बता दें कि बीते दिनों मामूली बात को लेकर निर्मली में विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पत्रकार रोशन कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पुलिस ने मनगढ़ंत केस दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर वीरपुर जेल भेज दिया था ।इसी बीच जेल भेजने के क्रम में रास्ते में ही पुलिस ने उसे कोसी बांध पर गाड़ी से नीचे उतारते हुए बर्बरता पूर्वक पिटाई कर उन्हें जख्मी कर दिया है जिसका इलाज हायर सेंटर में किया जा रहा है । इससे पूर्व मामले में जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने भी परिजनों के घर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की है । और उन्होंने भी घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है । साथ ही पप्पू यादव ने घटना में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की भी मांग की है । हालांकि मामले में प्रभारी डीएम मुकेश कुमार ने भी घटना को लेकर दोषी पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया है ।पत्रकार यूनियन के द्वारा घटना की जानकारी जल संसाधन विभाग के मंत्री संजय कुमार झा को भी दी गई है ।

# मुद्रास्फीति से मंदी की आशंका

**दैनिक शुभ भास्कर खड़गपुर : कोलकाता**

भारत में कॉरपोरेट कंपनियां 2022- 23 की मार्च तिमाही में भर्तियों को लेकर सतर्क रूख अपना सकती हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि मंदी की आशंका और मुद्रास्फीति के स्तर को लेकर चिंता बढ़ी है। नयी दिल्ली, पांच जनवरी भारत में कॉरपोरेट कंपनियां 2022- 23 की मार्च तिमाही में भर्तियों को लेकर सतर्क रूख अपना सकती हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि मंदी की आशंका और मुद्रास्फीति के स्तर को लेकर चिंता बढ़ी है। यह सर्वे लगभग 3,030 सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं के बीच किया गया। मैनपावर ग्रुप के रोजगार परिदृश्य सर्वे के अनुसार, सालाना और तिमाही आधार पर नियुक्ति के इरादे मार्च तिमाही में घटेंगे। इस दौरान शुद्ध रोजगार परिदृश्य केवल 32 प्रतिशत रहने की संभावना है। सर्वेक्षण के मुताबिक इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 48 प्रतिशत कंपनियां नियुक्ति स्तर में वृद्धि कर सकती हैं, 16 प्रतिशत ने कम नियुक्तियां करने का इरादा जताया जबकि 34 प्रतिशत ने यथास्थिति बने रहने की बात कही। मैनपावर ग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, ह्यह्यनियोक्ता मंदी की आशंका और वैश्विक स्तर पर गहराती नरमी के चलते सतर्क हैं। पिछली तिमाही के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उथल-पुथल की वजह भी यही थी। मैनपॉवर ग्रुप के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जोनास प्राइसिंग ने कहा, ह्यह्यइसमें कोई शक नहीं कि अर्थशास्त्रियों ने जिन प्रतिकूल परिस्थितियों का अनुमान जताया था उन्होंने रोजगार बाजारों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

# जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में 16 से 21 जनवरी के बीच एसआईएस सुरक्षा कर्मी के पंजीयन हेतु शिविर का होगा आयोजन

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**

कमांडेंट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, चकाई द्वारा किए अनुरोध के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा श्री संजय पांडेय द्वारा भर्ती कैंप के आयोजन की दी गई अनुमति जामताड़ा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों जामताड़ा, नारायणपुर, करमाटांड़ (विद्यासागर), फतेहपुर, नाला एवं कुंडहित में एसआईएस (रकर) सुरक्षा कर्मी के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन करने हेतु कमांडेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, चकाई के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा श्री संजय पांडेय से अनुरोध किया गया था। जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भर्ती कैंप के आयोजन हेतु अनुमति प्रदान किया गया है। विभिन्न तिथियों में भर्ती कैंप के आयोजन संबंधित विवरण निम्नवत है :- प्रखंड तिथि जामताड़ा - 16 जनवरी 2023 नारायणपुर - 17 जनवरी 2023 करमाटांड़ - 18 जनवरी 2023 नाला - 19 जनवरी 2023 कुंडहित - 20 जनवरी 2023 फतेहपुर - 21 जनवरी 2023 वहीं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी को भर्ती कैंप आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# नाला प्रखंड क्षेत्र के पंजूनिया पंचयात भवन में सबकी विकास सबकी योजना के तहत विशेष ग्रामसभा का किया गया आयोजन

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**



नाला (जामताड़ा): पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के पंजूनिया पंचायत भवन के सभागार में मुखिया बबलू मुर्मू के अध्यक्षता में सबकी योजना सबकी विकास अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 23 -24 के लिए जीपीडीपी 2023 हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत गाढवाल ,सिंचाई नाली, सिंचाई कूप ,पशु शेड ,तालाब निर्माण, तलाब मरामती आदि योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही पीएम आवास, पेंशन ,ग्राम संगठन भवन की मांग, एलपीजी गैस, शौचालय, पीसीसी सड़क योजनाओं का भी चयन की किया गया। मौके पर पंचायत सचिव बलराम मंडल रोजगार सेवक साधीन घोष स्वस्थ में ए एन एम कमलीनी मुर्मू सहया साथी मिताली मंडल पंचायत भी ए ली रोहित मिस्त्री 'जेएसएलपीएस कर्मी सभी वार्ड सदस्य , सखी मंडल दीदीयां के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुंडहित में जल्द शिलान्यास होगा बिजली ग्रिड, सौ करोड़ की लागत से बनेगा बिजली ग्रिड

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा)बिजली के लिए नाला विधान सभा क्षेत्र के लोगों को अब कोई परेशानी नही होगी। कुंडहित के भेलुवा में बिजली ग्रिड का निर्माण होगा। ग्रिड का शिलान्यास इसी माह होना है। सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। फतेहपुर के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि भेलुवा में बिजली ग्रिड का शिलान्यास बहुत जल्द होने वाला है। कहा कि एक सौ करोड़ की लागत से बिजली ग्रिड का निर्माण होगा, जिसमे विधान सभा क्षेत्र के कुंडहित, नाला, फतेहपुर प्रखंड को आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुंडहित एवं फतेहपुर प्रखंड के लोगों की बिजली समस्या अधिक रहती थी। जामताड़ा से कुंडहित बिजली सब स्टेशन लगभग 60 किमी लंबी लाइन पड़ती थी। इस बीच कहीं फॉल्ट होने पर दो से तीन दिन फॉल्ट खोजने में समय लग जाता था। इससे दोनों प्रखंड कुंडहित एवं फतेहपुर के लोगों की समस्या काफी बढ़ जाती थी। इसे देखते हुए ही विधान सभाध्यक्ष ने विधान सभा मे बिजली विभाग के आला अधिकारियों को बुला कर बैठक की। बैठक में इन सारी समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। अंत मे अधिकारियों ने नया ट्रांसमिशन लाइन निर्माण पर मुहर लगाया। इसके लिए तीनो प्रखंड में बिजली आपूर्ति का निर्णय लेकर कुंडहित के भेलुवा गांव



में जमीन चिन्हित कर बिजली ग्रिड निर्माण की स्वीकृति दी गई। श्री महतो ने कहा कि नाला विधान सभा के हर क्षेत्र में विकास हुआ है। इस अल्पकालीन तीन वर्षों में दो वर्ष कोरोना में बीत गया। एक साल के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में, सड़क, बिजली, पेयजल में तथा नदी नालों में दर्जनों बड़े बड़े पुल का निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसमे आधा दर्जन में शिलान्यास हो चुका है। कहा फतेहपुर प्रखंड में मैट्रिक के बाद बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए कोई व्यवस्था नही थी। लेकिन विधान सभाध्यक्ष के प्रयास से फतेहपुर में डिग्री कॉलेज का निर्माण हुआ और आगामी सत्र से पठन पाठन शुरू होगा, जो बहुत हर्ष की बात है। वहीं एकलव्य स्कूल का निर्माण भी फतेहपुर में किया गया है, जो चालू होगा। वहीं कुंडहित महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण का प्रस्ताव पारित है। जमीन चिन्हित के लिए अधिकारियों को आदेश दिया गया है। कुंडहित, फतेहपुर तथा नाला के अजय नदी, शिला नदी में कई बड़े पुल निर्माण का शिलान्यास किया गया है। कई पुल जल्द शिलान्यास होगा। साथ ही तीनो प्रखंड में दर्जनों जल नल की योजना कहीं 24 करोड़, 23 करोड़ तो 20 करोड़ की लागत से बनना शुरू हो गया गया है। एक एक जल नल की योजना से कहीं 25 गांव तो कहीं 30 गांव में जल आपूर्ति की जाएगी। कई बड़े सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है तो कई की सुदृढ़ीकरण का कार्य जारी है। मोहनाबंक से नाला तथा नाला से अफजलपुर तक की सड़क जो कई करोड़ की लागत से बनाई जा रही है। मुर्गाबनी से राजनगर तक कि सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य भी जारी है। श्री महतो ने कहा कि किसानों के लिये भी कई कार्य किये गए हैं। नाला प्रखंड में बड़े कोल्ड स्टोरेज का निर्माण का टेंडर पारित है। जमीन के लिए कार्य शुरू नही पाया है। नाला के नतुंडीह में एफसीआई का गोदाम निर्माण का शिलान्यास महीनों पहले हो चुका है। नाला में बंद पड़े पालस्थली रेल लाइन को दोबारा चालू करने हेतु एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर रेल के अधिकारियों के साथ बैठक भी की जा चुकी है। अधिकारियों ने जल्द बंद रेलवे लाइन को चालू करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री के स्तर से भी कई बार केंद्र सरकार से वार्ता किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अल्प समय मे अनेको विकास का कार्य नाला क्षेत्र में किया गया है।

# शंकरपुर मोड़ के समीप पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल में हुई टक्कर, मोटरसाइकिल चालक हुए घायल



**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):शुक्रवार को राजनगर मुगार्बानी मुख्य सड़क शंकरपुर मोड़ के समीप पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल में हल्की सी टक्कर हुई।वही मोटरसाइकिल चालक सड़क किनारे गिर गए ।जिससे मोटरसाइकिल चालक को हल्की सी पैर में चोट आई है। जानकारी के अनुसार राजनगर मुर्गाबनी मुख्य सड़क शंकरपुर मोड़ के समीप कुंडहित की ओर आ रहे थे पिकअप वैन नंबर डब्ल्यूबी 53 बी 6634 एवं मोटरसाइकिल चालक पालाजोड़ीजा मोड़ की ओर जा रहे थे।इसी क्रम में दोनों की हल्की सी टक्कर हो गई जिससे मोटरसाइकिल चालक सहित सवारी सड़क किनारे गिर गए ।जिससे मोटरसाइकिल चालक को पैर पर हल्की सी चोट आई है । मौके पर पक्षदशीयो द्वारा मोटरसाइकिल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां चालक का इलाज चल रहा है।

# सबकी योजना सबका विकास के तहत गड़जोडी पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट।**

कुंडहित (जामताड़ा): पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के गड़जोडी पंचायत भवन के सभागार में मुखिया मंदिरा हैम्ब्रम के अध्यक्षता में सबकी योजना सबका विकास अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।मौके पर रोजगार सेवक गुलाब मुर्मु ने उपस्थित ग्रामीणों को मनरेगा सहित विभिन्न संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 23 -24 के लिए जीपीडीपी 2023 हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत गार्डवाल, सिंचाई नाली, सिंचाई कूप, पशु शेड, तालाब निर्माण, तालाब मरम्मती आदि योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही पीएम आवास, पेंशन, ग्राम संगठन भवन, एलपीजी गैस, शौचालय, पीसीसी सड़क आदि योजनाओं का भी चयन की किया गया। मौके पर , उपमुखिया,वार्डसदस्य,जलसहिया ,फेसिलीटर दीदी, सखी मंडल दीदीयाओ के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

# गोदापियाल मध्य विद्यालय में जर्जर शौचालय बच्चो को जाना पढ़ता है बाहर

**दैनिक शुभ भास्कर नाला से जगबंधु के रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा):वर्षो से खराब पढ़े गोदापियाल मध्य विद्यालय के शौचालय की मरमत्ती का काम लटका पढ़ा है, शिक्षक महाशय का कहना है की हमारे स्कूल में कक्षा एक से लेकर अष्टम तक कुल 80 छात्र, छात्रा है।शौचालय जर्जर होने के कारण सब स्टूडेंट को बाहर जाना पड़ता है। हमलोग इसके वारे में विभाग को सूचना भी दिया,पर आज तक शौचालय का काम नहीं हो पाया हैं, वैसे भी सरकार के द्वारा बाहर में शौच ना करने की हिदायत दिया जाता है।फिर ऐसे हाल आज एक सरकारी स्कूल में देखने को मिलता है जहां बड़े बड़े स्कूल तो हैं पर एक छोटा सा शौचालय अच्छे ढंग



का नहीं हैं की स्कूल का पढ़ने वाले छात्र, छात्राए यूज कर सके ।खास कर अष्टम श्रेणी में पढ़ने वाले बच्चों को बड़े परेशानी होता है।इस हालत को देखते हुए ग्रामीणों को भी कहना है की किसी भी परिस्थिति में स्कूल के शौचालय को तुरंत मरमत्ति किया जाए ताकि हमारे बच्चों को बाहर में ना जाना पड़े। मौके पर उपस्थित शिक्षक मनोज मुर्मू , एमडी अहेसन अली,

# भारी ठंड से निजमानधारा गांव में एक बंदर की हुई मृत्यु , हरिनाम संकीर्तन के साथ निकाला शव यात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रजाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा): प्रखंड के निजमानधारा गांव में सुबह एक बंदर की मृत्यु हो गई है । मृत्यु से ग्रामीण मर्माहात है ग्रामीणों द्वारा हरि नाम संकीर्तन के साथ शव यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। साथ ही जय श्री राम का नारा भी लगाया गया। आगे भी अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन की तैयारी की जा रही है। बताते चलें कि भारी ठंड के वजह से शुक्रवार की सुबह ही प्रखंड के निजमानधारा गांव में एक बंदर की मृत्यु हो गई है । बंदर की हुई मृत्यु से ग्रामीण काफी मर्माहात है और ग्रामीणों द्वारा पूरे धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधि-विधान पूर्वक उसके अंत्येष्टि की तैयारी की जा रही है मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण



उपस्थित थे। मौके पर माधव बाद्यकर,भीम मंडल, क्षमाकर माजी ,विश्वनाथ माजी, परिमल घोष, पाखु बाद्यकर, चिंतामणि माजी, जोगेंद्र नाथ देवांशी, सहदेव मंडल ,पूर्णचंद्र बाद्यकर,निर्मल माजी तारक नाथ देवांशी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।